खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 286 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम: 05°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर खेल टाइम्स



भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में: पाकिस्तान पेज 12

# 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोग

### 28वें CSPOC का पीएम ने किया उद्घाटन



गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया

### 42 देशों के 61 स्पीकर्स शामिल

का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील कंटेंट के बीच X ने किया नियमों को सख्त

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट की शिकायतों के बाद अपने नियमों को सख्त करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट ग्रोक के लिए नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एक्स ने नए नियमों के तहत असली लोगों की आपत्तिजनक कपड़ों में तस्वीरों को संपादित करने पर रोक लगाना, चित्र बनाने की सुविधा सिर्फ पेड उपभोक्ताओं तक सीमित करना और ऐसे इलाकों में जियोब्लॉकिंग शुरू करना शामिल है जहां ऐसा कंटेंट गैर-कानूनी है, जो उपभोक्ता सुरक्षा और कानूनी पालन के प्रति प्लेटफॉर्म की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। एक्स ने कहा कि हमने ग्रोक खाते को बिकनी जैसे आपत्तिजनक कपड़ों में असली लोगों की तस्वीरों को संपादित करने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय लागू किए हैं।

### मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर से धरोहर को मिटाना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर मोदी योगी की डबल इंजन सरकार देश की सदियों पुरानी विरासत को ध्वस्त कर घोर पाप कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक और सदियों पुरानी धरोहर पर बुलडोजर का इस्तेमाल देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना है और ऐसा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के नाम पर चंद लोगों के हित के लिए काशी की धार्मिक पहचान मिटाने पर लगे हैं। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बनारस में मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर सदियों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### चुनावी राज्यों की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारी में जुट गई है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव संभावित है। इन राज्यों के नेताओं को एक-एक करके दिल्ली बुलाया जा रहा है और पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। कांग्रेस असम विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारी असम में दी जा रही है।

# आई-पैक: ईडी अफसरों पर नहीं होगी FIR

## सुप्रीम कोर्ट ने प.बंगाल सरकार व डीजीपी को जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। ईडी के अनुसार, हालात ऐसे हो गए थे कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को आदेश देना पड़ा कि वकीलों के अलावा किसी अन्य को कोर्ट में प्रवेश न दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो। कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए मामले की जांच का संकेत दिया। ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी।

### पूर्व मंत्री लखमा व अन्य को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और करोड़ों रुपये के शराब घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों को गुरुवार को अंतरिम जमानत देते हुए निर्देश दिया कि उनकी याचिकाओं को विस्तृत विचार के लिए मुख्य मामलों के साथ सूचीबद्ध किया जाए।

पीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

**अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी, कोर्ट ने स्पष्ट किया अगली सुनवाई तक ईडी अफसरों के खिलाफ FIR पर रोक रहेगी**



### फिल्म 'जन नायकन' पर सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अभिनेता विजय की फिल्म 'जन नायकन' संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और याचिकाकर्ता को मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने इस मसले पर उच्च न्यायालय को 20 जनवरी तक निर्णय लेने का निर्देश भी दिया।




### दिल्ली में एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए350 की फ्लाइट एआई 101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी।

# श्रीनगर में पारा माइनस 5.2 डिग्री, डल झील जमी

## राजस्थान में -3 डिग्री, हरियाणा में शून्य के करीब तापमान

**उत्तराखंड के दो जिलों में स्कूल बंद**



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी जारी है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान पिछले कई दिनों से शून्य से नीचे है। इसके कारण बुधवार को प्रसिद्ध डल झील और कश्मीर के कई जल स्रोत जम गए।

श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, राजस्थान में भी तापमान माइनस में पहुंच गया है। बुधवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान माइनस 3 डिग्री रहा। सीकर के फतेहपुर में तापमान 0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राज्य में 19 जनवरी से हल्की बारिश की संभावना है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने हरियाणा में गलन बढ़ा दी है। यहां 8 जिलों में बुधवार को पारा 8 डिग्री तक गिर गया। हिसार में सर्दी का पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री दर्ज हुआ। हिसार में 15 जनवरी, 2025 को 3.5 डिग्री और 16 दिसम्बर, 2024 को 1.1 डिग्री तक पहुंचा था। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भीषण सर्दी के कारण गुरुवार को 12वीं क्लास तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है। यहां नदी और झरनों में पानी जम गया है।

# ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने की तैयारियां शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले 15 दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के चलते स्थिति बेहद ही भयावह हो गई है। भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ईरान में मौजूदा अस्थिर स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है, जो भारत लौटने के इच्छुक हैं। ईरान में पिछले 15 दिनों से विरोध प्रदर्शनों और हिंसा का सिलसिला जारी है, जिसने वहां की आंतरिक स्थिति को अत्यंत गंभीर बना दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अब भयावह स्तर तक पहुंच गई है। इससे वहां रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेषकर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस उभरती हुई परिस्थिति को देखते हुए, केंद्र सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर अपने नागरिकों को वहां से निकालने की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से एक विशेष अभियान की शुरुआत कर सकती है। विदेश मंत्रालय वर्तमान में उन नागरिकों का डेटा और विवरण जुटाने और व्यवस्था करने की प्रक्रिया में है, जो वर्तमान परिस्थितियों के कारण भारत वापस आने की इच्छा रखते हैं। ईरान में अस्थिरता का यह दौर पिछले महीने के अंत में ईरानी मुद्रा रियाल की कीमतों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ। आर्थिक संकट से उपजा यह असंतोष अब एक व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है, जो ईरान के सभी 31 प्रांतों में फैल गया है। ईरान में वर्तमान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं और टेलीफोन लाइनें भी केवल रुक-रुक कर काम कर रही हैं। इस संचार अवरोध के कारण, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारतीय छात्रों और अन्य नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं।

### ईरान से गुजरने वाली कई भारतीय उड़ानें रद्द, अन्य के मार्ग बदले

**नई दिल्ली।** भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है। ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान में बने घटनाक्रम, उसके बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उस क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। उसने कहा है कि जिन उड़ानों के मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है उन्हें रद्द कर दिया गया है। उसने यात्रियों को हवाई अड्डों के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है और इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

**आज से शुरू होगा भारत वापस लाने का अभियान**

# दिल्ली में सर्दी का सितम जारी न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार पांचवें दिन भी शीतलहर की स्थिति बनी रही। मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस इलाके में मौसम का सबसे कम तापमान है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिल्ली में सबसे कम और सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस नीचे है। ठंड का असर पूरी राष्ट्रीय राजधानी में देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर 3.4 डिग्री सेल्सियस और रिज में न्यूनतम तापमान 4.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग वास्तविक न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाने पर शीतलहर के तौर पर परिभाषित करता है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 20 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य शहरों में घने कोहरे के कारण गुरुवार को यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर 20 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं, जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है। आईजीआई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली आने वाली 11 और यहां से जाने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द हैं। इसके अलावा आगमन और प्रस्थान की कुल 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले आरा. पी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहायक पुलिस आयुक्त कुंवर प्रभात सिंह ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी और मऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जीआरपी ने आरोपी राजेश शुक्ला को मुंबई से पकड़कर वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन लाया है। यह राजेश शुक्ला की तीसरी ऐसी हरकत है। इससे पहले वह दो बार इसी प्रकार की फर्जी बम धमकी दे चुका है और जेल भी जा चुका है। सिंह ने बताया कि आरोपी ने 18 नवम्बर 2025 और 6 जनवरी 2026 को प्रयागराज कंट्रोल रूम पर फोन कर काशी एक्सप्रेस में बम रखे होने की झूठी सूचना दी थी।

### सुरक्षा एजेंसियां करेंगी संयुक्त आपदा प्रतिक्रिया अभ्यास

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के तहत सुरक्षा बलों के जवान गुरुवार को संयुक्त रूप से आपदा तैयारी और सुरक्षा प्रतिक्रिया रिहर्सल करेंगे। इस संयुक्त अभ्यास में पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल होंगे। इसका मकसद एजेंसियों के बीच तालमेल को मजबूत करना और प्रतिक्रिया की तैयारी का आकलन करना है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि यह रिहर्सल पूरी तरह से एहतियाती है और इसका मकसद भाग लेने वाली सेनाओं के बीच तैयारी के स्तर, प्रतिक्रिया तंत्र और इंटर-एजेंसी तालमेल का आकलन करना है। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान, सुरक्षाकर्मी इलाके में और उसके आसपास एरिया डोमिनेशन, रूटीन तलाशी और सार्वजनिक सहायता गतिविधियां करते हुए देखे जा सकते हैं।

### मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर किया ऐलान

# 2027 चुनाव में अकेले अपने दम पर लड़ेगी बसपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ स्थित बसपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी। इस दौरान उन्होंने ब्लू बुक के 21वें संस्करण का विमोचन भी किया।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। मायावती ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बसपा को रोकने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भाजपा और कांग्रेस के विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज होकर जुटे थे। बसपा ने ब्राह्मण को भागीदारी दी। लखनऊ में भाजपा ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार में ब्राह्मणों की स्थिति अच्छी नहीं है। हमारी सरकार में ब्राह्मणों का सम्मान किया गया। ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी की बाटी चोखे की जरूरत नहीं है। भाजपा में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा है। कुछ यही हाल सपा और कांग्रेस में है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य समाज का बसपा सरकार पूरा ध्यान रखेगी। बसपा ने हमेशा ही उनका सम्मान किया है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने सभी जातियों और धर्मो का सम्मान किया है। सुश्री मायावती ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम के मरने पर राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया। उनकी उपेक्षा की गई। दूसरी जातियों के साथ मुस्लिम समाज के साथ अन्याय हो रहा।

### पांचवीं बार बनेगी बीएसपी की सरकार




- कहा: गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है
- जन्मदिन के अवसर पर बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शार्ट सर्किट होने से हाल में धुआं पसरा

### मुख्यमंत्री ने मायावती को दी जन्मदिन शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से वह सुश्री मायावती के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तित्वों का अनुभव और योगदान लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई शुभकामनाओं के बाद राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों से भी सुश्री मायावती को बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। गौरतलब है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर एक अहम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाना जरूरी: बिरला

नई दिल्ली, वार्ता



- 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में बोले लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा में उपसभापति

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की संसदीय चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासनी अधिकारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुभव साझा करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इससे समाज के हर वर्ग तक कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और संसदीय प्रक्रिया को ज्यादा विचार विमर्श तथा पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

श्री बिरला तथा श्री हरिवंश ने गुरुवार को यहां संसद भवर परिसर के संविधान सदन में 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी उन खूबियों से बना है जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की योजनाओं पर निष्पक्ष विचार-विमर्श होता है और फिर उसका पूरा लाभ समाज के हर वर्ग को मिलता है। उनका कहना था कि यही कारण है कि भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व नेतृत्व में हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया निरंतर मजबूत हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संसदीय सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का प्रभावी मंच है और इसमें जो सुधार हुए हैं, उसी का परिणाम है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। भारत की संसद ने सात दशकों से अधिक की यात्रा में जन-केंद्रित नीतियों, कल्याणकारी कानूनों और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया है, जिससे प्रत्येक नागरिक की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हुई है और इससे लो. कतंत्र में लोगों की आस्था बढ़ी है। श्री बिरला ने कहा कि संसद और सरकार के साझा प्रयासों से अनावश्यक कानूनों को हटाया गया और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता

एआई और सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की दक्षता-कार्यकुशलता का जिक्र किया और कहा कि इनके दुरुपयोग से गलत सूचना और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं इसलिए नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता है। उनका कहना था कि भारत की संसद और विधान मंडलों में डिजिटल तकनीक और एआई का उपयोग बढ़ रहा है। पेपरलेस व्यवस्था और साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म ने पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल कायम की है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदों की निष्पक्षता और जनता के विश्वास को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

## उत्तर प्रदेश में बनेंगे छह नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उत्तर-दक्षिण दिशा में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार छह नए नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन प्रस्तावित कॉरिडोर परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। इनके निर्माण से प्रदेश के कई जिलों में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार इन कॉरिडोरों के विभिन्न पैकेजों के कार्ययोजना प्रस्तावित किए जा चुके हैं। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिसे दो वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित छह कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों को सीधे जोड़ेंगे। इनमें प्रमुख रूप से इकौना (श्रावस्ती) से प्रयागराज तक लगभग 262 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर शामिल है, जो गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और सुलतानपुर से होकर गुजरेगा। इस मार्ग को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इसी तरह लखीमपुर-सी तापुर- लखनऊ- नवाबगंज- लालगंज- चौडारा- जौनिया-ललौली होते हुए बांदा तक एक अन्य लंबा कॉरिडोर प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 502 किलोमीटर बताई जा रही है।

## सेना दिवस पर सैन्यकर्मियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें सेना दिवस पर सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवार. जनों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा कि सेना दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। भारतीय सेना हमारे देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने में दृढ़ है। हमारे सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और आपदाओं और मानवीय संकटों के दौरान जरूरी मदद देते हैं। आपकी अटूट 'राष्ट्र प्रथम' भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। मोदी ने अपने संद. ेश में कहा कि सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के साहस और दृढ़ प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उन लोगों को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना पैदा करती है। रक्षा मंत्री ने सेना दिवस के गौरवशाली अवसर पर भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



## लगातार तीसरी तिमाही में बना निर्यात का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, वार्ता

वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देश का कुल निर्यात लगातार तीसरी तिमाही में नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसम्बर 2025 के दौरान देश का कुल निर्यात किसी भी तीसरी तिमाही का नया रिकॉर्ड है।

पहली और दूसरी तिमाही में भी संबंधित तिमाही के निर्यात का उच्चतम स्तर रहा था। इस प्रकार यह पूरे नौ महीने का नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसम्बर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार,



कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तुओं का निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर और सेवाओं का 6.46 प्रतिशत बढ़कर 303. 97 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वहीं वस्तु आयात 5.90 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर और सेवा आयात 1.48 प्रतिशत बढ़कर 152.23 अरब डॉलर पर रहा।

पहले नौ महीने की अवधि में अमे. रिका को वस्तुओं का निर्यात 9.75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.88 अरब डॉलर दर्ज किया गया। चीन को वस्तु निर्यात में 36.68 फीसदी का उछाल आया और यह 14.25 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसम्बर के दौरान, गैर-पेट्रोलियम वस्तु निर्यात 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 288.16 अरब डॉलर और आयात 9.45 प्रतिशत बढ़कर 443.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम आयात में 4.25 प्रतिशत की कमी आई है और यह 135.43 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसम्बर के दौरान भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली वस्तुओं में अभियांत्रिकी वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शीर्ष तीन पर रहीं। वहीं, आयात के मामले में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उनके उत्पाद शीर्ष पर रहे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और सोने का आयात रहा।मूल्य में 49.39 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया।

## दिसम्बर में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** निर्यात के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसम्बर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसम्बर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया। सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आई है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा। इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसम्बर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6. 92 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## चावल, गेहूं नरम, चीनी के दाम बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 55 रुपये घटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल के दाम 29 रुपये घटे। मसूर दाल 25 रुपये और उड़द दाल 20 रुपये प्रति क्विंटल



सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 66 रिंगिट उतरकर 3,993 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर 50.53 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 89 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति 66 रुपये और सरसों तेल 15 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल छह रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 62 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7790.64 रुपये, मसूर काली 8144.86 रुपये, मूंग दाल 10088.51 रुपये, उड़द दाल 10421.39 रुपये, तुअर दाल 10642.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.30 रुपये और चावल 3759 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3313.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.26 रुपये और गुड़ 4979. 20 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## कश्मीर में नए पश्चिमी विक्षोभ से पहले रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार से नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना से पहले कश्मीर में ज्यादातर जगहों पर रात के तापमान में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक श्रीनगर में कल रात न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के 5.2 से ज्यादा है।

कश्मीर का गेटवे शहर काजीगुंड के तापमान में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जो पहले के 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 पर आ गया। दक्षिणी कश्मीर में कड़ाके की ठंड जारी रही। पुलवामा और शोपियां सबसे ठंडे इलाके रहे, दोनों में तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, हालांकि यह पिछली रात के 7.0 डिग्री सेल्सियस और शोपियां के 7.5 से बेहतर था। पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में तापमान 5.0 से. रिकॉर्ड किया गया, जो एक रात पहले 6.0 डिग्री सेल्सियस था। दूसरे पर्यटक स्थल गुलमर्ग में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पहले 3.8 से. था, जबकि सोनमर्ग में पिछली रात के 2.2 से तेजी से गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। उत्तरी कश्मीर में, कुपवाड़ा में तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो 6.2 से बेहतर है। बुधवार को प्रदेश का मौसम अनिश्चितता वाला रहा जहां जम्मू शहर बर्फ से ढके रिसॉर्ट गुलमर्ग से भी ज्यादा ठंडा हो गया। जम्मू में अधिकतम तापमान सिर्फ 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो शहर के इतिहास में चौथा सबसे कम तापमान था। इस बीच श्रीनगर में अधिकतम तापमान 13. 3 से. रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुलमर्ग में 8.2 रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में 16 जनवरी से प्रदेश में कम से कम तीन हफ्ते का पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है एवं अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 19 और 20 जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 22 से 24 जनवरी तक, ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी के साथ मौसम आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है। 23 और 24 जनवरी के दौरान चिनाब घाटी, उदमपुर, रियासी और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी की भी संभावना है।

## योगी ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

गोरखपुर, वार्ता



मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।

इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लो. कमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मीडियाकर्मियों से बात. चीत में कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। उन्होंने कहा कि इस पव पर लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है। योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रात: 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है, तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है।

### योगी ने मकर संक्रांति व पोंगल पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक आस्था और जगत पिता भगवान सूर्य की उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा से अभिभूत हों और मां गंगा, यमुना व सरस्वती का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति लोक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है, जो सामा. जिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश देता है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर इंटरस्टेट कॉर्डिनेशन मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह -2026 से पहले विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने और आगामी गणतंत्र दिवस-2026 समारोह की तैयारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पुलिस मुख्यालय में इंटरस्टेट कॉर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ (यूटी) के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया/प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। इसके साथ साथ विशेष पुलिस आयुक्त/ ट्रैफिक, कानून एवं व्यवस्था (जोन-I और II), अपराध शाखा, स्पेशलस. सेल, इंटेलिजेंस और प्रोटेक्टिव सिक्योरिटी डिवीजन। संयुक्त आयुक्त/रेंज, सिक्योरिटी, ट्रैफिक, आईएफएसओ क्राइम, इंटेलिजेंस और पुलिस उपायुक्त/ जिले, सिक्योरिटी, क्राइम, आईजीआई रेलवे और मेट्रो आदि ने भी मीटिंग में भाग लिया।



इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने खुफिया जानकारी और आतंकवाद विरोधी उपायों, जिसमें सीमा पर चे. कंग, संदिग्ध तत्वों का सत्यापन आदि शामिल हैं, साझा किए। खुले इलाकों से पैराग्लाइडर, ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं की आवाजाही से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध तत्वों/वाहनों की आवाजाही के बारे में अग्रिम जानकारी पर जोर दिया गया। एनसीआर में सक्रिय अंतर-राज्य गिरोहों और अवैध हथियार और नशीले पदार्थों की सप्लाई से संबंधित घटनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ट्रैफिक प्रतिबंधों और सीमाओं पर अनधिकृत घुसपैठ को रोकने के कदमों की योजना बनाई गई है। अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सभी अधिकारियों से इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग और समन्वय करने का अनुरोध किया गया।

दिल्ली पुलिस आयुक्त ने अतीत में मिले सहयोग और समन्वय की सराहना की और इस साल भी उसी जोश के साथ सहयोग की उम्मीद की। उन्होंने आधुनिक तकनीक का उपयोग करके दिल्ली और एनसीआर में, विशेष रूप से विदेशों से संचालित साइबर अपराधों, नशीले पदार्थों और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ गहन कार्रवाई पर जोर दिया।

उन्होंने सोशल मीडिया निगरानी और अपराध करने के लिए जेसीएल (कानून के साथ संघर्ष में किशोर) को प्रभावित करने/शामिल करने वाले गिरोहों की पहचान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के लिए एक संयुक्त कार्य योजना/रणनीति बनाने का भी आग्रह किया।

## इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को कड़ाके की ठंड पड़ी और इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र, सफदरजंग में जनवरी 2023 के बाद से सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इससे पहले 16 जनवरी 2023 को पारा 1.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।

पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लोधी मार्ग पर पारा 3.4 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। वहीं, रिज स्टेशन पर न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री और आयानगर में 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में दर्ज न्यूनतम तापमान 2010 के बाद का सबसे कम तापमान रहा। इसके बाद दूसरी बार सबसे कम तापमान सात जनवरी 2013 को दर्ज किया गया था। इस दिन पारा 2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।दिल्ली के सभी मौसम केंद्रों ने सामान्य से कम तापमान दर्ज किया, जो पूरी दिल्ली में शीत लहर की स्थिति के बने रहने का संकेत है। राष्ट्रीय राजधानी पिछले चार दिनों से शीत लहर की चपेट में है और यह संभावना जताई जा रही है कि यह अगले दिन यानी कल भी जारी रहेगी।

# यंग जनरेशन को भा रहीं किताबें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में युवा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ज्ञान और भाषा की तलाश में भी है। खासकर अंग्रेजी भाषा सीखने की चाह रखने वाले युवाओं में अंग्रेजी उपन्यासों और साहित्य को लेकर जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है।

मेले में घूमते युवा पाठकों के हाथों में अंग्रेजी नॉवेल, शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन और बायोग्राफी साफ बताती हैं कि अब भाषा सीखने का तरीका बदल रहा है। क्लासरूम और ग्रामर बुक्स से इतर, युवा साहित्य को अपना शिक्षक बना रहे हैं। उनका मानना है कि अंग्रेजी उपन्यास न सिर्फ शब्द सिखाते हैं, बल्कि सोचने का नजरिया, संवाद शैली और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। युवाओं का कहना है कि अंग्रेजी नॉवेल पढ़ते हुए वे भाषा को रटते नहीं, बल्कि जीते हैं। किरदारों की भावनाएं, संवादों की सहजता और कहानी की गति उन्हें भाषा से जोड़ देती है। यही कारण है कि क्लासिक से लेकर समकालीन अंग्रेजी साहित्य तक, हर तरह की किताबों पर युवाओं की नजरें टिकी हैं। इस साल विश्व पुस्तक मेले की एक खास पहचान रही रचनात्मक और कल्पनाशील बुक स्टॉल। किताबें केवल अलमारियों में बंद नहीं रहीं, बल्कि कला और विचार के साथ प्रस्तुत की गईं। चर्चित उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की' से प्रेरित एक स्टॉल में पूरी दीवार को उपन्यास के कवर की शक्ल दी गई। दीवार में बनी खिड़की के पास खड़े होकर पाठक तस्वीरें खिंचवाते दिखे, जबकि उसके पीछे उसी उपन्यास सहित कई पुस्तकें सजी थीं। लकड़ी के ढांचे से बना एक अनोखा स्टॉल, जिसके बीचों-बीच छोटा सा कमरा और उसमें सहेजी गई किताबें, लोगों को ठहरकर देखने पर मजबूर करता रहा। वहीं, एक पीले रंग के ट्रक को खास अंदाज में बुक स्टॉल में तब्दील किया गया, जिसने बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी को आकर्षित किया।

ये स्टॉल केवल किताबें बेचने का जरिया नहीं थे, बल्कि पढ़ने की संस्कृति को अनुभव में बदलते नजर आए। प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में पाठकों की बढ़ती संख्या ने साहित्यकारों के साथ प्रकाशकों के चेहरे खिला दिए हैं। विश्व पुस्तक मेला 2026 के दौरान डिजिटल युग में कविता, पाठक, प्लेटफार्म और पहुंच परिचर्चा हुई।

# मुख्यमंत्री ने एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप-2026 का दौरा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय सेना दिवस के मौके पर दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप 2026 का दौरा किया। इस दौरान उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स की मार्च-पास्ट, ब्रास बैंड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखीं।

इसके बाद उन्होंने फ्लैग एरिया का भी दौरा किया, जहां देश के 17 एनसीसी डायरेक्टोरेट्स से आए कैडेट्स ने राष्ट्रीय मूल्यों, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण पर आधारित प्रदर्शनी लगाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी लंबे समय से युवाओं में अनुशासन, एकता, कर्तव्यबोध और देशभक्ति की भावना का संचार कर रही है। अलग-अलग राज्यों से आए कैडेट्स, अलग भाषा और संस्कृति के बावजूद एक साथ मिलकर भारत की एकता को दिखाते हैं। यही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सच्ची झलक है।

उन्होंने इस अवसर पर हॉल ऑफ फेम का दौरा कर एनसीसी के इतिहास, प्रशिक्षण प्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी ली। साथ ही, युवा आपदा मित्र योजना और ड्रोन प्रशिक्षण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एनसीसी के डायरेक्टर जनरल (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स, वरिष्ठ एनसीसी अधिकारी सहित देशभर से आए एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स की एकजुटता, जोश, अनुशासन और देशभक्ति की भावना की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन उनके जीवन के सबसे सुखद अनुभवों में से एक है। कैडेट्स की प्रस्तुतियां, लहराता तिरंगा और कदम से कदम मिलाकर चलता मार्च-पास्ट ऐसा प्रतीत कराते हैं जैसे देश की धड़कन प्रत्यक्ष सुनाई दे रही हो। मुख्यमंत्री ने एनसीसी की प्रशिक्षण प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवाओं को आपदा प्रबंधन, नेतृत्व, राष्ट्रसेवा और जिम्मेदार नागरिकता के लिए तैयार करती है।



**मुख्यमत्री रेखा गुप्ता दिल्ली कैंट में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप का दौरा करते हुए।**

## एक नजर

### एक दिन के नवजात को दिया नया जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चिकित्सा विशेषज्ञता और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए फोर्टिस ला फेम हॉस्पिटल के चिकित्ध्सकों ने दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके के एक पार्क में लावारिस और मरणासन्न हालत में मिले 1 दिन के नवजात बच्चे को सफलतापूर्वक नया जीवन दिया। बच्चे को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्यों ने देखा और तुरंत स्थानीय पुलिस को सौंप दिया, जिन्होंने उसे फोर्टिस ला फेम में भर्ती कराया। भर्ती के समय नवजात की हालत बहुत गंभीर पाई गई। फोर्टिस ला फेम में इमरजेंसी और नियोनेटल विभाग की टीमों ने डॉ. रघुराम मल्लैया, सीनियर डायरेक्टर, नियोनेटोलॉजी और डॉ. विशाल गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट, नियोनेटोलॉजी, फोर्टिस ला फेम के नेतृत्व में तुरंत जान बचाने वाले इलाज शुरू किए। फोर्टिस ला फेम में नियोनेटोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉ. रघुराम मल्लैया ने कहा, "जब बच्च्चे को अस्घ्पताल लाया गया था तो उसकी हार्टबीट नहीं थी। यह नियति के खिलाफ एक रेस थी। आज, उसे सामान्य रूप से सांस लेते और रोते देखना किसी चमत्कार से कम नहीं है।"

### छत से गिरे बच्चे को 13 दिन की कोमा के बाद रिकवरी कराई



**नई दिल्ली।** आपातकालीन प्रतिक्रिया की उत्कृष्टता और बहु-विषयक चिकित्सा देखभाल के अद्भुत प्रदर्शन के रूप में, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल ने असंभव को संभव कर दिखाया। एक छोटे बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ करके लौटाया, जो फुटबॉल खेलते समय छत से गिरने के बाद अस्पताल पहुँचा था और जिनके जीवित रहने की संभावना लगभग शून्य थी। यह बच्चा अत्यंत गंभीर स्थिति में अस्पताल में लाया गया। वह बेहोश था, स्वयं से साँस नहीं ले पा रहा था, धड़कन बहुत कमजोर थी और दिल की धड़कन दर निचले स्तर पर थी। अस्पताल में जब बच्चा आया, उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। जीवित रहने की संभावना बेहद कम थी,ष लेकिन हमारी आपातकालीन टीम ने कभी उम्मीद नहीं खोई।केवल 15 मिनट के भीतर, अस्पताल की आपातकालीन टीम ने व्यापक निदान पूरा किया और जीवनरक्षक उपचार शुरू कर दिया। डॉ. मोहित मदान, डायरेक्टर एंड यूनिट हेड ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ने कहा, ष्चोटें सामान्यत: तत्काल सर्जरी की मांग करती थीं, लेकिन बच्चे की स्थिति को देखते हुए हमने धैर्य और नैदानिक निर्णय अपनाया। चरणबद्ध दृष्टिकोण ने सुनिश्चित किया कि सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित और रिकवरी उत्कृष्ट हो। आज उसके अंग पूरी तरह ठीक हैं।सभी फॉलो-अप मस्तिष्क स्कैन पूर्ण रूप से सामान्य हैं और कोई न्यूरोलॉजिकल दोष नहीं है ख्र इतनी गंभीर चोट और दो सप्ताह की कोमा के बाद यह एक असाधारण और दुर्लभ उपलब्धि है।

### कुलदीप सेंगर की अपील पर पीड़िता ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** उन्नाव दुष्कर्म मामले की पीड़िता ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कुलदीप सेंगर की सजा के खिलाफ अपील में अतिरिक्त सामग्री रखने की मांग की है। पीड़िता ने जांच प्रभावित करने, उम्र से जुड़े फर्जी दस्तावेज और परिवार की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है।

उन्नाव दुष्कर्म मामले की पीड़िता ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर की है। इस याचिका के माध्यम से पीड़िता ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर की सजा के खिलाफ दायर अपील में अतिरिक्त सामग्री पेश करने की मांग की है। पीड़िता का उद्देश्य अदालत में ऐसे तथ्य और दस्तावेज प्रस्तुत करना है जो हालिया घटनाक्रमों को दर्शाते हों। साथ ही, वह खुद और अपने परिवार को जान के खतरे की बात को भी अदालत के सामने रखना चाहती है। यह याचिका कुलदीप सेंगर की उस अपील के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने दुष्कर्म के मामले में अपनी सजा को चुनौती दी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सेंगर ने जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। उन्होंने यह भी बताया कि मुकदमे के दौरान उसकी उम्र के बारे में जाली और झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया, जिनका अब अपील में भी सहारा लिया जा रहा है।

# फायरिंग मामलों में शामिल शार्प शूटर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हाल ही में पश्चिम विहार ईस्ट और मधु विहार इलाके में हुई सनसनीखेज फायरिंग और फिरौती की वारदातों में शामिल थे। नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एंटी नारकोटिक्स टीम को मिले पुख्ता इनपुट के आधार पर बराड़ी इलाके में जाल बिछाया गया था। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी दीपक के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा आरोपी जो नाबालिग है, मौके से दबोच लिया गया। दोनों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल किए गए ऑटोमैटिक पिस्टल, कारतूस और चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। घायल आरोपी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इन फायरिंग घटनाओं के बाद पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पेशल सीपी रविंद्र यादव ने पूरे ऑपरेशन का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया था, जिससे फिरौती कॉल्स और गैंग एक्टिविटी में कमी आई थी। इसके बावजूद पश्चिम और पूर्वी दिल्ली में हुई फायरिंग की घटनाओं ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी थी। इसी के चलते सभी जिलों को अलर्ट पर रखा गया और तकनीकी व मैन्युअल सर्विलांस बढ़ाया गया। नतीजा यह रहा कि 24 घंटे के भीतर आरोपियों को ट्रैक कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। स्पेशल सीपी ने बताया कि गैंगस्टर सोशल मीडिया खासकर इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं और नाबालिगों को लालच देकर अपराध की दुनिया में धकेल रहे हैं।

इस मामले में नाबालिग आरोपी का रोहिणी इलाके में एक झगड़ा हुआ था। बदला लेने की मंशा से उसने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ तस्वीरें डालने वाले फर्जी अकाउंट से संपर्क किया। उसे पैसे और हथियार का लालच दिया गया और अलग अलग जगह बुलाकर पिस्टल थमाई गई। निर्देश था कि अलग अलग समय पर फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाई जाए। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क में रणदीप मलिक का नाम सामने आया है, जो पहले भी एक चर्चित मर्डर केस में वांटेड रह चुका है। उसी के जरिए विदेश से गैंग हैंडल किया जा रहा था। सोशल मीडिया पर फायरिंग की जिम्मेदारी भी ली गई थी। मामले में इंटरस्टेट कनेक्शन की जांच चल रही है और हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने साफ किया है कि इस पूरे नेटवर्क के खिलाफ जरूरत पड़ने पर मकोका और बीएनएस की धारा 111 जैसे सख्त कानून लगाए जाएंगे, ताकि संगठित अपराध और गैंगस्टर गतिविधियों की कमर पूरी तरह तोड़ी जा सके।

# स्टील व निर्माण क्षेत्र के विस्तार पर केंद्रित होगा बिल्ड कनेक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत का स्टील और निर्माण सामग्री क्षेत्र तेजी से विस्तार के चरण में प्रवेश कर रहा है।

उत्पादन क्षमता में निरंतर वृद्धि और घरेलू मांग के स्थिर बने रहने से इस क्षेत्र को मजबूती मिल रही है। उद्योग आकलन के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2025 में भारत का स्टील उत्पादन 160 मिलियन टन को पार कर चुका है, जबकि 2030 तक स्थापित क्षमता के 300 मिलियन टन के स्तर तक पहुँचने की संभावना है।

इसी तरह, बुनियादी ढाँचे और आवास क्षेत्र में लगातार बनी गति के चलते सीमेंट क्षमता में भी समानांतर विस्तार देखा जा रहा है। जैसे-जैसे क्षमता विस्तार तेज हो रहा है, उद्योग का फोकस अब केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इस बढ़े हुए पैमाने को बाजार तक कितनी कुशलता से पहुँचाया जाए, इस पर भी केंद्रित हो रहा है।

उद्योग अनुमान बताते हैं कि वित्त वर्ष 2026 में भारत में तैयार स्टील की खपत लगभग 162 मिलियन टन रही, जिसमें से करीब 50 मिलियन टन स्टील ट्रेड आधारित चौनलोंख्रजैसे डीलर, डिस्ट्रिब्यूटर, स्टॉकिस्ट और यार्डख्र के माध्यम से वितरित हुआ।



**एमसीडी स्थायी समिति द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान एवं आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप देने को लेकर की गई बैठक की अध्यक्षता करतीं सत्या शर्मा।**

## निगम बजट-2026

# सेवा-सुशासन का रोडमैप: सत्या शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान एवं आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं है, बल्कि दिल्ली के हर नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक बनाने का एक स्पष्ट, ठोस और दूरदर्शी रोडमैप है। श्रीमती सत्या शर्मा ने बताया कि बजट निर्माण की प्रक्रिया गत 5 दिसंबर को आयुक्त द्वारा बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के साथ प्रारंभ हुई थी। इसके बाद वार्ड समितियों के सभी अध्यक्षों, शिक्षा समिति, ग्रामीण समिति, पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति, निर्माण समिति, स्वास्थ्य समिति, उद्यान समिति के अध्यक्षों तथा स्थायी समिति के सभी माननीय सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण, व्यवहारिक और जमीनी सुझावों को गहनता से शामिल किया गया।

साथ ही, दिल्ली और एमसीडी की वर्तमान परिस्थितियों का समग्र आकलन कर बजट को अंतिम रूप दिया गया है। सत्या शर्मा ने कहा कि पिछले एक दशक से दिल्ली वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रही है। पूर्व सरकारों के समय केवल घोषणाएं हुईं, लेकिन ठोस समाधान नहीं निकले। यह बजट दिल्ली सरकार को वायु प्रदूषण नियंत्रण में वास्तविक और प्रभावी सहायता देगा। इसके तहत किए जाने वाले कार्यों से न केवल दिल्ली की छवि सुधरेगी, बल्कि राजधानी की तस्वीर भी बदलेगी। बजट में दिल्ली की साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। गलियों, सड़कों, बाजारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार होगा और एमसीडी की छवि एक जिम्मेदार निकाय के रूप में मजबूत होगी।

# डॉ. सुभाष को प्रदान की गई मानद डॉक्टरेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अकासा एयर के को-फाउंडर और इंडिगो एयरलाइंस के पूर्व प्रेसिडेंट व होल-टाइम डायरेक्टर आदित्य घोष ने स्नातकों से अपील की कि वे अपने जीवन में चुपचाप मेहनत करने वालों को कभी कम न आंकें। उन्होंने यह बात आज भारत मंडपम में आयोजित एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा के 12वें दीक्षांत समारोह में मानद डॉक्टरेट प्राप्त करते हुए कही।

इस समारोह में मैक्स सेंटर फॉर लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के चेयरमैन डॉ. सुभाष गुप्ता को भी भारत का पहला सफल लिवर ट्रांसप्लांट प्रोग्राम स्थापित करने में उनके अग्रणी योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट प्रदान की गई। समाज के लिए कुछ करने के संकल्प से प्रेरित



डॉ. गुप्ता ने अब तक 5,000 से अधिक लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट किए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने देशभर के चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया, उन मरीजों खासतौर पर बच्चों के लिए फंड जुटाए जो लिवर ट्रांसप्लांट का खर्च नहीं उठा सकते, और कजाकिस्तान व बांग्लादेश जैसे देशों को अपनी ट्रांसप्लांट सुविधाएं विक. सित करने में भी मदद की।

उनकी प्रेरक यात्रा ने युवा स्नातकों को अपने करियर की शुरुआत करते हुए अपनी महत्वाकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने के लिए उत्साहित किया।

## फैक्टरी में लिफ्ट गिरने से दो मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में स्थित एक फैक्टरी में लिफ्ट गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान कोयला वाली गली,समयपुर बादली में रहने वाले हरिओम और संजय मिश्रा के रूप में हुई। दोनों गली नंबर-9 बादली स्थित एक फैक्टरी में फोरमैन के तौर पर नौकरी करते थे।

बीते मंगलवार शाम सवा तीन बजे पुलिस को फैक्टरी में लिफ्ट की चपेट में आने से दो लोगों के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। लिफ्ट को सील करके पुलिस भारत अस्पताल पहुंची।

# मल्का गंज में किया कार्यालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल के चेयरमैन एवं तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री ने मल्का गंज के कबीर बस्ती क्षेत्र में कमाल एसोसिएट्स के कार्यालय का उद्घाटन किया



इस अवसर पर मल्का गंज क्षेत्र की निगम पार्षद बहन रेखा अमरनाथ भाजपा मल्का गंज मण्डल के अध्यक्ष एडवोकेट श्री नितिन गुप्ता उपाध्यक्ष शमीम अहमद खान महामंत्री ममता आनन्द जम जम फाउन्डेशन के महासचिव मौहम्मद अनवार सहित मौहम्मद कमालुद्दीन, मौहम्मद कामिल, एडवोकेट गुरुदेव सिंह (अमित आनन्द) मनोज कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर एडवोकेट मौहम्मद अनस कमाल ने श्री सूर्य प्रकाश खत्री और निगम पार्षद बहन रेखा अमरनाथ का शॉल पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर सूर्य प्रकाश खत्री ने एडवोकेट मौहम्मद अनस कमाल को बधाई देते हुए उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ वकालत करने की सलाह दी तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎011-41509401-2

फैक्स: 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290


R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# रंजिश में कारोबारी पर युवकों ने चढ़ा दी कार, रीढ़-पैर की हड्डी में फ्रैक्चर




**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में गोविंदपुरम के पास एक युवा कारोबारी को कार सवार तीन युवकों ने कार से रौंद दिया। कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर एकत्रित भीड़ ने आरोपितों को घेर लिया। तीनों आरोपित अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायल कारोबारी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उनकी रीढ़ की हड्डी और पैर की हड्डी में तीन फ्रैक्चर आए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में पूर्व में भी विवाद हो चुका है। आरोपित ने पूर्व में जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में घायल कारोबारी सड़क पर पड़ा है।

कैलाश पुरम में रहने वाले ऋषि चौहान अपने पिता राजेश कुमार के साथ रईसपुर में जैविक खाद बनाने का प्लांट चलाते हैं। सदरपुर के आयुष तेवतिया से पूर्व में ऋषि चौहान की कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि उस दौरान आयुष ने ऋषि को जान से मारने की धमकी दी थी। मंगलवार रात ऋषि अपने प्लांट से बलेनो कार में बैठकर अकेले गोविंदपुरम की ओर जा रहे थे। एनडीआरएफ रोड के पास पीछे से आयुष ने अपनी कार से उनकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद ऋषि ने अपनी कार को दौड़ा दिया। ऋषि की गाड़ी आगे जाकर बंद हो गई। ऋषि कार से अपने हाथ में डंडा लेकर बाहर निकला। इसके बाद आयुष ने ऋषि पर कार चढ़ा दी। आयुष की कार का एक पहिया नाले में चला गया। ऋषि गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर भीड़ ने तीनों आरो. पितों को घेर लिया। आयुष सहित तीनों आरोपित अपनी कार छोड़कर फरार हो गए। ऋषि को गंभीर हालत में अस्पताल में ले जाया गया। ऋषि के भाई अंकित राठौर ने बताया कि पुलिस ने अपने अनुसार तहरीर लिखवाई है। उनके भाई पर जानबूझकर कार चढ़ाई गई है।

**पुलिस का दावा- दोनों गाड़ियों में हुई टक्कर**

एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस का कहना है कि ऋषि चौहान की बलेनो और आयुष तेवतिया की होंडा सिटी कार आपस में टकराने को लेकर विवाद हुआ। टक्कर लगने के बाद आयुष ने पीछे कार मोड़ कर भागने की कोशिश की लेकिन ऋषि अपनी कार से उत्तेजित होकर उतरा और आयुष की कार की तरफ भागकर जाता हुआ सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है। कार भगाने की कोशिश में आयुष द्वारा ऋषि चौहान को टक्कर मार दी गई। आयुष तेवतिया कार से निकलकर मौके से भाग गया।

# निवाड़ी मे हुआ मोतियाबिंद का निशुल्क कैंप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाड़ी पुरानी टंकी के पास मोतियाबिंद का एक निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 51 लोगों की जांच की गई जिसमें से 13 लोगों के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया उनका ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा गाजियाबाद से वरदान सेवा संस्थान की एक टीम ने डॉक्टर सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में निवाड़ी में आंखों की जांच की गई।

सुनील शर्मा ने बताया कि की निवाड़ी में मोतियाबिंद का कैंप प्रत्येक माह की 15 तारीख को लगाया जाएगा जिसमें शुगर



ब्लड प्रेशर और आंखों की जांच के साथ मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा, चांद वीर चौधरी, राजीव शर्मा, बिट्टू त्यागी, दिनेश शर्मा कपिल कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मोदीनगर में चेयरमैन ने किया खिचड़ी का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मकर संक्रांति के पावन महापर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद, मोदीनगर द्वारा गांधी ग्राउंड में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम एवं सिकरी माता के पावन प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन विनोद वैशाली की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सभासदगण एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों एवं जरूरतमंद नागरिकों को खिचड़ी एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग: वेद प्रकाश चौधरी, अर्जुन नेहरा, बलराज गुर्जर, ललित मित्तल, ललित त्यागी, सोनू चौधरी, आदित्य बॉबी, सूबे सिंह, सोनू डमरू, जितेंद्र चौधरी, बबलू कौशिक, कपिल चौधरी, अंकित चौधरी (आर.आई.), अंकित गोयल, विनोद कुमार (लेखाकार), अमरीश (एस. एफ.आई.) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप के जन्मदिन पर दी बधाई व शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कुमार कश्यप को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद व भाजपा नेता ललित कश्यप सहित अन्य लोगो ने भी बधाई व शुभकामनाएं दी।

## जनपद में जहरीली हवा से राहत नहीं, वसुंधरा का प्रदूषण मापक यंत्र ही बंद, जिले का एक्यूआई रहा 321

**गाजियाबाद।** प्रदूषण मापक यंत्र आए दिन बंद रहते हैं। इससे जिले का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक सही दर्ज नहीं हो पाता है। बृहस्पतिवार को भी वसुंधरा का प्रदूषण मापक यंत्र बंद रहा। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी कारणों से मापक यंत्र बंद हो जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार जिले का एक्यूआइ 321 दर्ज किया गया। हवा की गति थोड़ी बढ़ने से दोपहर दो बजे के करीब एक्यूआई में गिरावट आई है। इस दौरान एक्यूआई 280 दर्ज किया गया था। वहीं लोनी की हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। एक्यूआई 399 दर्ज किया गया। इंदिरापुरम व संजय नगर के लोगों को थोड़ी राहत रही।

# गली में सीवर का गंदा पानी बहने से लोग परेशान

■ **लोगों का कहना है कि दुर्गंध के चलते घरों में रहना मुश्किल हो गया है और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है**

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में बीते कई दिनों से सीवर लाइन की समस्या गंभीर होती जा रही है। विभिन्न गलियों में सीवर का गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है, जिससे लोगों के घरों के सामने गंदगी और बदबू फैल गई है।

समस्या से 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित है। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के लोग बीते कई दिनों से सीवर चोक होने से परेशानी झेल रहे है। लोगों का कहना है कि दुर्गंध के चलते घरों में रहना मुश्किल हो गया है और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कॉलोनी के अध्यक्ष सतीश भारद्वाज ने बताया कि कई बार समस्या की शिकायत की चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

केवल लाइनों की अस्थायी मरम्मत और सफाई कर दी जाती है, कुछ समय बाद स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। स्थानीय निवासी मनीष कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह पूरी गली में गंदा पानी फैला रहा। जीडीए अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि सफाई कार्य जारी है।

# डॉ. तोमर के 70 वे जन्मदिवस पर कंबल वितरण का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** ठंड के मौसम में गरीब और असहाय व्यक्तियों की सहायता के लिए शहर का प्रमुख 'सामाजिक संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन' के द्वितीय एवं शहर के प्रमुख समाजसेवी डॉ राजपाल तोमर के 70 वे जन्मदिवस पर 15 जनवरी 2026 को सुबह 11बजे , जी टी रोड निकट पुलिस स्टेशन मुराद नगर में जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क कम्बल वितरण किया गया।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अंकित चौहान के कर कमलों द्वारा किया गया। समाजसेवा में बढ़ते हुए कार्यों को देखते हुए थाना प्रभारी ने फाउंडेशन के पदाधिकारियों को सराहा और सर्व समाज से



इस दिशा में आगे आने की अपील की। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

डॉ राजपाल तोमर के आवास पर संस्था द्वारा सुबह हवन एवं कंबल वितरण के बाद दोपहर में वृद्ध असहाय जनों के लिए आवासीय वृद्ध आश्रम दुहाई में नि:शुल्क चिकित्सा शि. विर भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह सिरो. ही, मास्टर देवेंद्र सिंह, विरेन्द्र कुमार, रविंद्र कुमार स्टूडियो वाले, डॉ राणा, चमन सिंह, उमेंद्र चंद्र दत्त, डॉ फहीम सैफी, महासचिव अशोक चौधरी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, डॉ मनीष तोमर, रजनीश कुमार, मिनाक्षी, मीडिया प्रभारी मो. हसिन भादोली, राजेश देवी, धर्म सिंह, कृष्ण तोमर, सुभाष शर्मा, भूपेंद्र चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शहजाद चौधरी, नितिन कुमार आदि मीडिया जगत से पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन खेलों में अनुभवी प्रशिक्षकों की होगी नियुक्ति

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन खेलों के प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। कुश्ती, जूडो और स्विमिंग पूल में लंबे समय से प्रशिक्षकों की कमी से जूझ रहे खिलाड़ियों को राहत मिलेगी। महामाया स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, नेटबॉल आदि खेलों में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं। स्टेडियम में पिछले कुछ समय से जूडो, कुश्ती में प्रशिक्षक का पद रिक्त था। वहीं स्विमिंग पूल भी खराब स्थिति में होने से करीब एक साल से बंद है। जूडो, कुश्ती में प्रशिक्षक के न होने से दोनों खेलों के खिलाड़ियों को खुद ही अभ्यास करना पड़ रहा है। पिछले दिनों मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई थी। इसमें स्टेडियम में जूडो,कुश्ती और स्विमिंग पूल में प्रशिक्षक की नियुक्ति की मंजूरी दी गई थी। जिला खेल क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धनुक ने बताया कि तीनों खेलों में अनुभवी प्रशिक्षकों को खिलाड़ियों को अभ्यास कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कुश्ती और जूडो में एक-एक प्रशिक्षक और स्विमिंग पूल में एक महिला और एक पुरुष प्रशिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। स्विमिंग पूल के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू महामाया स्टेडियम में बने तीनों स्विमिंग पूल के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराया गया है।

### आईपीए की शिकायत का असर

# एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के उल्लंघन को लेकर बाल आयोग हुआ सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अनुपालन न होने और बच्चों पर स्कूल बैग के अत्यधिक बोझ को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जिलाधिकारी को जारी नोटिस का इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है।

आईपीए के महासचिव महिपाल रावत ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बच्चो और अभिभावकों के हित से जुड़ी हमारी शिकायत की समीक्षा करते हुए आयोग ने पाया कि जिले के अनेकों निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों की जगह प्राइवेट पब्लिशर्स की पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं, जिससे बच्चों के बैग का वजन तय मानकों से कहीं अधिक हो गया है साथ ही अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। स्कूल बैग के बढ़ते वजन का सीधा असर बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और वे पीठ, गर्दन एवं कंधों के दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं एनसीपीसीआर ने स्पष्ट किया है कि स्कूल बैग नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप ही कक्षा-वार पाठ्यक्रम और समय-सारिणी निर्धारित की जाए तथा केवल एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का ही पालन सुनिश्चित किया जाए।

आयोग ने सभी विद्यालयों को शैक्षिक सत्र 2026-27 से पहले आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने जिलाधिकारी गाजियाबाद से मांग की है कि जिले के सभी विद्यालयों की तत्काल जांच कर एनसीईआरटी पाठ्यक्रम एवं स्कूल बैग नीति का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, एसोसिएशन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों के स्कूल बैग के वजन और पढ़ाई जा रही पुस्तकों पर नजर रखें तथा किसी भी अनियमितता की सूचना संबंधित अधिकारियों , एनसीपीसीआर या आईपीए की टीम को दें।

# मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी व कंबल वितरण का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अवंतिका स्थित स्वयंवर फार्म हाउस में खिचड़ी वितरण एवं कंबल वितरण का सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संजीव शर्मा , सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी,अमित शर्मा प्रदेश सचिव राजीव गांधी पंचायत राज संगठन कमेटी एवं संदीप शर्मा जिलाध्यक्ष राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के संयुक्त नेतृत्व में किया गया।

डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े संगठन हमेशा सामाजिक सरोक.



ारों के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। अमित शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी पंचायत राज संगठन का उद्देश्य गांव, गरीब और कमजोर वर्ग तक मदद पहुंचाना है।

संदीप शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में बुद्ध प्रकाश शर्मा, पंकज तंजानिया पूर्व प्रदेश सचिव कांग्रेस, धर्मेंद्र शर्मा, नानक शर्मा,राजेश शर्मा, हरि मोहन शर्मा, मुकेश शर्मा, अनुज पाराशर, मनीष पाराशर, राहुल पाराशर, गोपाल गर्ग, पंकज, नीरज, यश शर्मा, कपिल यादव, अमित यादव, अशोक शर्मा और आदेश पाराशर की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया और जरूरतमंदों की सेवा में भागीदारी निभाई।



**मोदीनगर।** गौरी शंकर मंदिर सीकरी फाटक मोदीनगर मे मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी का प्रसाद वितरित करते राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री पंडित दीपक वत्स, डॉक्टर नरेंद्र त्यागी, राजकुमार मास्टर, निखिल वत्स, तरुण सोनी, उमेश दीवान, हनी वत्स, संजीव सैन आदि उपस्थित रहे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आधार कार्ड, आयुषमान कार्ड, नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल मे श्रेया आई सेंटर, स्वास्थ्य विभाग व डाक विभाग के सहयोग से कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प का उद्घाटन जनहित पब्लिक स्कूल प्रबंधक नरेंद्र चौधरी जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने किया प्रदीप चौधरी रितेश शर्मा सौरभ यादव पंडित अशोक भारतीय प्रधानाचार्य अरुणिमा त्यागी एवं निधि श्रीवास्तव सुमन शर्मा नीतू सोनी मुकुल शर्मा के द्वारा किया गया।

डाक विभाग से अनुराग हेमंत बिलाल श्रेया आई केंद्र से हिमांशु एवं पंकज सुभाष स्वास्थ्य विभाग से सौरभ



उपस्थित थे 200 से ज्यादा लोगों ने कैम्प का लाभ उठाया।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस के अवसर पर पहला कैम्प राज पब्लिक स्कूल पर आयोजित हुआ दूसरा कैम्प् लोटस सोसायटी मे तीसरा कैम्प नेहरू वर्ड स्कूल मे आयोजित किया गया। आधार कार्ड शिविर आयुषमान कार्ड शिविर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा जनहित पब्लिक स्कूल मे डाक विभाग भारत सरकार स्वास्थ्य विभाग व श्रेया आई सेंटर के सहयोग से किया गया।

कैम्प मे 70+ आयु के वरिष्ठ नागरिको के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये। कैंप में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बने तथा विभिन्न आयु वर्ग के पुराने आधार कार्ड में सुधार एवं बदलाव किये गये।

इस अवसर पर 200 से ज्यादा स्थानीय निवासियों ने कैंप मे आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड व नि:शुल्क नेत्र जांच का लाभ उठाया। इस अवसर पर आस पास के गणमान्य जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**Name change**

AAZAD S/O MAINUDDIN HOUSE NUMBER-41 KHARI KUAN LONI DEHAT GHAZIABAD LONI UTTAR PRADESH 201102 HAVE CHANGED MY NAME TO AZAD FOR ALL PURPOSES.

# ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ तीन को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय गांजा (भांग) ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 165.74 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस सिंडिकेट ने पिछले एक साल में ओडिशा से दिल्ली में 5,000 किलोग्राम से ज्यादा गांजा की तस्करी की थी।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि 24 दिसंबर 2025 को, एक मुखबिर ने अपराध शाखा आर.के. पुरम को गुप्त सूचना दी कि सोनू (30) और अजीत (41) नाम के दो व्यक्तियों को मंगोल पुरी के इलाके में गांजा की खेप मिलने वाली है। इस गुप्त सूचना पर एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश माथुर और विनोद यादव के नेतृत्व में टीम ने मंगोल पुरी इलाके में जाल बिछाया। रात करीब 08:40 बजे, एक व्यक्ति स्कूटी पर तीन कार्टन लेकर आया। थोड़ी देर बाद, एक और व्यक्ति दूसरी स्कूटी पर आया और फिर वे कार्टन शिफ्ट करने लगे। बिना समय गंवाए, टीम ने तेजी से कार्रवाई कर दोनों स्कूटी सवारों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उनकी पहचान सोनू और अजीत के रूप में हुई।उनकी स्कूटियों की तलाशी लेने पर, तीन कार्टन बरामद हुए, जिन्हें खोलने पर उनमें से प्रत्येक में 15 पैकेट मिले। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया और जांच करने पर कुल 47.34 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी अजीत ने बताया कि बरामद गांजा ओडिशा के रहने वाले पप्पू सुअर ने भेजा था। इसलिए, पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान, आरोपी अजीत को ओडिशा ले जाया गया। ओडिशा में, कूरियर कंपनी के मैनेजर ने बताया कि पप्पू सुअर नाम के एक व्यक्ति ने सात बक्सों का एक और कंसाइनमेंट भी दिल्ली भेजा था। आरोपी अजीत ने बताया कि वे सात बक्से दिल्ली में एक कूरियर कंपनी के ऑफिस में पड़े हैं। इसके बाद, एक रेड की गई और आरोपी अजीत की निशानदेही पर दिल्ली से 118.4 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

## बेघर लोगों को सर्दी से बचाने के लिए रैन बसेरों की संख्या बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों का पालन करते हुए सरकार ने कड़ाके की ठंड में बेघर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए अपने आश्रय अभियान को और तेज कर दिया है। एम्स, सफदरजंग और जी. बी. पंत जैसे अस्पतालों के बाहर बेसहारा लोगों को तुरंत मदद पहुंचाई जा रही है। इन इलाकों में रैन बसेरे की संख्या में भी इजाफा किया गया है। साथ ही, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) और शेल्टर मैनेजमेंट एजेंसियां खुले में सो रहे लोगों को लगातार रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। रैन बसेरों में लोगों के रहने के लिए बिस्तर, तीन समय का खाना, साफ-सफाई और पीने के पानी जैसी जरूरी सुविधाएं मुफ्त दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि विंटर एक्शन प्लान 2025-26 के तहत ठंड से बचाव के लिए राजधानी के संवे. दनशील और अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लगभग 250 अस्थायी 'पगोडा' रैन बसेरे भी स्थापित किए गए हैं। साथ ही, डूसिब द्वारा वर्तमान में पूरी दिल्ली में 197 स्थायी रैन बसेरे दिन-रात चलाए जा रहे हैं, जिनमें सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि एम्स-सफदरजंग क्षेत्र में पहले से मौजूद 320 बेड वाले 32 पगोडा रैन बसेरों के अलावा 3 नए पगोडा रैन बसेरे और लगाए गए हैं। इससे इस इलाके में रैन बसेरों की कुल क्षमता बढ़कर 350 बेड हो गई है। उन्होंने बताया कि एम्स और सफदरजंग अस्पताल के आसपास बेघर लोगों की अधिक संख्या को देखते हुए वहां के सबवे क्षेत्र में भी अस्थायी शरण की व्यवस्था की गई। जरूरतमंद लोगों को तुरंत कंबल और बिस्तर उपलब्ध करा जा रहे हैं ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। विशेष अभियान के तहत एम्स-सफदरजंग क्षेत्र से लगभग 75 बेघर लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके बाद इस क्षेत्र को खुले में सोने वाले लोगों से मुक्त किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि जी. बी. पंत अस्पताल के आसपास भी 8 अस्थायी 'पगोडा' रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं। इनमें 80 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# जहरीली हवा व शीतलहर का डबल अटैक, आम जनजीवन पर असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण एक बार फिर गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित इलाकों में ग्रेटर नोएडा का नाम लगातार ऊपरी पायदानों में बना हुआ है। दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स रेड जोन में दर्ज किया जा रहा है, जिससे आम जनजीवन पर सीधा असर पड़ रहा है।

नोएडा की बात करें तो यहां सभी सक्रिय मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में है। सेक्टर-1 नोएडा में एक्यूआई 359 दर्ज किया गया, जबकि सेक्टर-125 नोएडा में 352, सेक्टर-116 नोएडा में 347 और सेक्टर-62 नोएडा में 342 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। इन आंकड़ों से साफ है कि नोएडा की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। दिल्ली की स्थिति भी बेहद चिंता. जनक है। कई इलाकों में एक्यूआई 350 से ऊपर पहुंच गया है। चांदनी चौक में एक्यूआई 384, अशोक विहार में 376, बवाना में 373, पंजाबी बाग में 386, ओखला फेज-2 में 383 और पुसा में 399 एक्यूआई दर्ज किया गया। नेहरू नगर दिल्ली में तो एक्यूआई 397 तक पहुंच गया, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं आनंद विहार में एक्यूआई 345 और अलीपुर में 332 रिकॉर्ड किया गया। कुछ इलाकों जैसे मथुरा रोड पर एक्यूआई 259 रहा, जो अभी भी खराब श्रेणी में है।

गाजियाबाद में भी हालात बेहतर नहीं हैं। संजय नगर गाजियाबाद में एक्यूआई 312 दर्ज किया गया, जबकि इंदिरापुरम में एक्यूआई 282 रिकॉर्ड हुआ। यानी गाजियाबाद भी पूरी तरह प्रदूषण की चपेट में है। वायु प्रदूषण के साथ-साथ मौसम ने भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार एनसीआर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। 15 जनवरी को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान करीब 22 डिग्री रहा। सुबह के समय घना कोहरा और दिन में भी कई इलाकों में घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की चेतावनी दी गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ठंडी हवा, कम गति की हवाएं और कोहरा प्रदूषण को जमीन के पास रोक लेते हैं, जिससे एक्यूआई लगातार रेड जोन में बना हुआ है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों, बच्चों और सांस के मरीजों को घर से बाहर निकलने से बचने, मास्क पहनने और सुबह-शाम की सैर टालने की सलाह दी है।

# हिस्ट्रीशीटर की चाकू से गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में एक हिस्ट्रीशीटर की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। अभी इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि यह हत्या किसने और किस कारण से की है स मृतक की पहचान मुकेश (40) के रूप में हुई है।

वारदात के बाद आरोपी फरार है। वारदातस्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे इत्यादि मौजूद न होने की वजह से वारदात को अंजाम देते हुए आरोपी को देखा नहीं जा सका है। हालांकि पुलिस स्थानीय लोगों व तकनीकि टीम से पूछताछ करके आरोपी की पहचान की को. शिश व तलाश कर रही है। इसके अलावा क्राइम व एफएसएल की टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। मृतक के शरीर पर चाकू के हमले के कई निशान मिले हैं।

फिलहाल उसका शव अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी कल्याणपुरी थाने का घोषित अपराधी व हिस्ट्रीशीटर है। इस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और किसी बदमाश से आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। कल्याणपुरी पुलिस हत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

# विश्व पुस्तक मेले में रीडिंग इंडिया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पठन संस्कृति के निर्माण से लेकर सैन्य बलिदान को नमन करने तक, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 के छठे दिन विचारों, इतिहास और राष्ट्रबोध का सार्थक संगम नजर आया।



पठन एवं पुस्तकालयों के उन्नयन पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय नेतृत्व संवाद रीडिंग इंडिया संवाद 2026 का शुभारंभ नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 के दौरान भारत मंडपम, में हुआ। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा आयोजित यह संवाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 तथा विकसित भारत/2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप भारत के पठन, पुस्तकालय और ज्ञान तक पहुँच के पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु एक राष्ट्रीय समन्वय मंच के रूप में इसकी परिकल्पना की गई है।

रीडिंग संवाद का उद्घाटन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अपर सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी (आईआरएस), राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक तथा एनबीटी के मुख्य संपादक एवं संयुक्त निदेशक कुमार विक्रम उपस्थित रहे।थीम पवेलियन में सेना दिवस के अवसर पर शौर्य, नेतृत्व और बलिदान को प्रतिबिंबित करने वाले सत्रों के माध्यम से भारत की सैन्य विरासत को सैल्यूट किया गया। एक पैनल में मेजर राम राघोबा राणे, परमवीर चक्र पाने वाले पहले जीवित सैनिक, के जीवन और विरासत पर चर्चा की गई, जिसमें डॉ. डी. वी. गुरुप्रसाद और लेफ्टिनेंट कर्नल अन्नप्पा नारायण शेट ने अपने विचार साझा किए। डॉ. गुरुप्रसाद ने कर्नाटक के कारवार में मेजर राणे की जड़ों और एक सिपाही से मेजर बनने तक की उनकी यात्रा का वर्णन किया। जो अनुशासन, धैर्य और सेवा से प्रेरित थी।

ऑपरेशन विजय (कारगिल युद्ध, 1999) पर आयोजित एक अन्य समूह चर्चा में लेफ्टिनेंट जनरल मोहीन्द्र पुरी और ब्रिगेडियर ओम प्रकाश यादव ने कर्नल एस.सी. त्यागी के साथ संवाद किया।

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर उत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के कमला नेहरू कॉलेज में 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन, कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता तथा कमला नेहरू कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष प्रो. मनोज प्रसाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि वंदे मातरम, भले ही बांग्ला में लिखा गया हो, इसमें बंगाली भाषा की कोमलता और संस्कृत की गंभीरता का संगम है।कुलपति ने वंदे मातरम के 150 वर्षों का इतिहास याद कराते हुए सांस्कृतिक और संस्थागत स्मृति को बनाए रखने का महत्व बताया।

उन्होंने छात्राओं से विश्वविद्यालय का कुलगीत याद करने और इसके मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। प्रो. योगेश सिंह ने राष्ट्रीय चेतना और आर्थिक प्रगति को जोड़ते हुए कहा कि भारत ने 2007 की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से आज चार ट्रिलियन डॉलर की दिशा में तेजी से बढ़ने का मार्ग तय किया है, और इस प्रगति को 2047 के बाद बनाए रखना युवाओं की जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम के दौरान कुलपति द्वारा स्वदेशी संकल्प की शपथ भी दिलाई गई।

## सहायक उपकरणों के लिए किया दिव्यांगों का पंजीकरण

**नई दिल्ली।** सीमापुरी में स्थित अनुकृति स्कूल में दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय ने इस कैम्प का आयोजन कियाथा, कैम्प के सहयोग से ऐसे जरुरतमंदो को पंजीकृत किया गया जिनको मोटराइज ट्राई साईकिल, मोटराइज व्हीलचेयर, बैशाखी, वॉकर, कालर बैल्ट, कमर बैल्ट, स्टिक, कान की मशीन इत्यादि का वितरण निशुल्क किया जाएगा। पंजीकरण कराने के लिए दिल्ली के कई जगहों से दिव्यांग यहां पहुंचे थे।इस मौके पर मंत्रालय की तरफ से डॉ. आकांशा जोशी, डॉ. योगेश, डॉ. आदित्य मौजूद थे, उनके साथ सुनहरी लाल यादव, अभिषेक,डॉ राकेश रमन झा, कुंदन, वंदना नेगी, सुरजीत, दिनेश यादव, जोगी राम गर्ग व राजकुमार उकरेती ने सहयोग दिया।

# पहले पकड़ा, फिर वीडियो बनाकर की चाकू गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर से नाबालिगों के गैंग ने एक युवक पर डेढ दर्जन से ज्यादा चाकू से वार करके हत्या कर दी। नाबालिगों ने तब तक चाकू से वार किया। जबतक वह मर नहीं गया था। वारदात बवाना जेजे कॉलोनी इलाके में हुई। हैरान करने वाली बात यह है कि नाबालिगों ने युवक की हत्या करने से पहले उसका बकायदा वीडियो बनाया और उसको अपने किसी साथी को बुलाने की बात कही। जबकि युवक नाबा. लिगों को हाथ जोडकर व कसम खाकर बोलता रहा कि वो उसके संपर्क में नहीं हैं और अब उसको जानता भी नहीं हैं। नाबालिगों ने वीडियो बनाते हुए अपने किसी साथी की इजाजत मिलने के बाद युवक की हत्या की। नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों को सौंप दिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन नाबालिगों को उनके ठिकाने पर छापेमारी करके पकड़ा है,जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिये हैं। पूछताछ कर पुलिस जानने की कोशिश कर रही है कि नाबालिगों के साथ ओर कितने साथी थे।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को शाम करीब साढ़े छह बजे जेजे कॉलोनी बवाना,जी-18 ब्लॉक,छठ घाट के पास युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी खून पड़ा था। पता चला कि रंजन उर्फ गप्पा (22) नामक युवक को चाकू मारे गए थे,जिसको उसके दोस्त नजदीक के पूठखुर्द स्थित महर्षि वाल्मिकी अस्पताल ले गए हैं। पुलिस ने मौके पर से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने रंजन को मृत घोषित कर दिया। जिसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने मृतक के भाई राजा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस टीम को शुरूआती जांच में पता चला कि रंजन मूलरूप से बिहार के मुज्जफ्फरपुर गांव काठी का रहने वाला था। वह काफी सालों से जे जे कॉलोनी बवाना ई ब्लॉक में सरकार द्वारा दिये गए फ्लैट में अपने माता पिता,भाई राजा और रवि व उनके परिवार के साथ रह रहा था। वह मजदूरी करता था। परिवार ने बताया कि पिछले साल उसकी दोस्ती इलाके में रहने वाले कुछ गलत लडकों से हो गई थी,भनक लगने पर उसको गांव भेज दिया था। कुछ समय पहले ही वह गांव से वापिस लौटा था और काम कर रहा था। बीती रात वह घर से बोलकर निकाला था कि वह एक घंटे में वापिस आ जाएगा। इस बीच उसके भाई राजा ने उसको वारदात से करीब बीस मिनट पहले फोन कर आने के लिये कहा था। रंजन ने कहा था वह अभी आ रहा है। मगर उसके बाद रिंकू नामक उसके दोस्त ने फोन करके बताया कि रंजन को चाकू मार दिया है।

# झपटमारी कर भाग रहे बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली।** शाहदरा के झिलमिल कॉलोनी में मोबाइल स्नैचिंग की वारदात के बाद विवेक विहार थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज 10 मिनट के भीतर एक बदमाश को दबोच लिया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरा. पी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि झिलमिल कॉलोनी निवासी एक युवक पैदल घर लौट रहा था। जैसे ही वह वर्मा ज्वेलर्स के पास पहुंचा, कस्तूरबा नगर की ओर से आए दो युवक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे और पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल झपट लिया।

**आज्ञा से सैयद गुफरान, उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा**
माननीय न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन), देहरादून।
निष्पादन संख्या 18 वर्ष 2025
(मूलवाद सं. 412 वर्ष 2024 से उत्पन्न)
श्रीमती अंजना रतूडी **बनाम** कमला कार्की आदि।
श्रीमती अंजना रतूडी उर्म 67 वर्ष पत्नी स्व. श्री प्रेम स्वरूप रतूडी निवासी-22, दून घाटी सहकारी आवास समिति, पो0ओ0 डिफेन्स कॉलोनी, देहरादून द्वारा मुख्तारेआम अभिषेक रतूडी पुत्र स्व. श्री प्रेम स्वरूप रतूडी निवासी-22, दून घाटी सहकारी आवास समिति, पो0ओ0 डिफेन्स कॉलोनी, देहरादून। ......**वादिनी**
**नोटिस बनाम**
1. श्रीमती कमला कार्की पत्नी श्री बिजेन्द्र सिंह कार्की एवं 2 श्री बिजेन्द्र सिंह कार्की, पुत्र स्व. श्री कृष्ण सिंह कार्की उर्फ किशन सिंह कार्की दोनों निवासीगण डी-36, आर्य जी0सी0एस0एच0 अपार्टमेन्ट, प्लॉट सं. 91, आई0पी0 एक्सटेशन, पटपडगंज, नई दिल्ली। ......**प्रतिवादीगण**
चूंकि श्रीमती अंजना रतूडी उम्र लगभग 68 वर्ष पत्नी स्व. श्री प्रेम स्वरूप रतूडी निवासी-22, दून घाटी सहकारी आवास समिति, पो0ओ0 डिफेन्स कॉलोनी, देहरादून उत्तराखण्ड द्वारा निष्पादन वाद प्रस्तुत किया गया है। वाद में दिनांक 23.01.2026 कि तिथि नियत की गयी है। अतएव आपको एतत्द्वारा आहूत किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो, उपरोक्त वर्णित दिवस 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपसंजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे, जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपको आशय है। आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्व वर्णित दिवस को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। बसब्त न्यायालय की आज्ञा से मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत के आज दिनांक 09.01.26 को जारी किया गया।
**प्रबन्धक**
**सिविल जज (सीनियर डिवीजन)**
**देहरादून।**

## हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को शहर के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया है कि वह राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता के बिगड़ने के बीच ओखला स्थित एनएसआईसी मैदान में आयोजित होने वाले एक कार और बाइक फेस्टिवल के खिलाफ दायर एक याचिका पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा कि दक्षिण-पूर्व के जिला मजिस्ट्रेट से उम्मीद की जाती है कि वे जल्द से जल्द निर्णय लेंगे।

सम्मन मुद्दालय
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0 2 बरेली।**
परिवाद संख्या 401 सन् 2023
मैसर्स शकुन्तला इन्फ्रा आदि **बनाम** नूर बानो आदि
**बनामः-**
1. श्रीमती बबली पत्नी स्व0 श्री जहीर उल हसन, 2. सैययद फैज पुत्र स्व0 श्री जहीर उल हसन, 3. सबा पुत्री स्व0 श्री जहीर उल हसन निवासीगण 10/2000, ब्लॉक नं0-10, खिचडीपुर, नई दिल्ली हाल निवासीगण- मकान नं0 10/45, खिचडीपुर ब्लाक, थाना कल्याणपुरी, नई दिल्ली-110091
चूंकि मुसम्मी वादीगण ने आपके नाम एक नालिश वास्ते के दायर की है लिहाजा आपको हुकम दिया जाता है कि आप बतारीख 22/01/2026 असालतन या मारफ्त किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बाखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
**जज**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0 2 बरेली।**




**दिल्ली विवि की यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली फाउंडेशन द्वारा समर्पण समारोह २०२६ में डीयू कुल. पति प्रो. योगेश सिंह वकत्व्य देते हुए।**

# उत्तरदायित्व की भावना लाता है समर्पण का भावः प्रो. योगेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि की यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली फाउंडेशन द्वारा समर्पण समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सशक्त बेटी प्रोजेक्ट का दूसरा चरण भी लॉन्च किया गया। डीयू के वाइस रीगल लॉज के कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में डीयू कुल. पति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि और बीएसईएस के ग्रुप सीईओ एवं निदेशक अमल सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सशक्त बेटी प्रोजेक्ट की 524 लाभार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए। इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस योगदान के लिए बीएसईएस का आभार जताते हुए कहा कि समर्पण का भाव उत्तरदायित्व की भावना लाता है।। प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में बीएसईएस का उदाहरण देते हुए कहा कि देश की हर पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग और कंपनियों को सोचना चाहिए कि यदि निवेश करना है तो शैक्षणिक संस्थानों और शिक्षा में किए गए निवेश जैसा कोई निवेश नहीं हो सकता। हमारे घर में जो बच्चे हैं वो तो हमारे हैं ही, लेकिन समाज जो बच्चे स्कूलों और विवि में पढ़ने के लिए देता है, ये सब भी तो हमारे ही तो बच्चे हैं। इनके भविष्य की चिंता करना, इनके लिए सुविधाओं की चिंता करना, इसमें सरकार का सहयोग तो होता ही है, लेकिन अब भारत में समाज का सहयोग भी मिलने लगा है।

## मोबाइल स्नेचिंग मामले में दबोचा

**नई दिल्ली।** शाहदरा के झिलमिल कॉलोनी में मोबाइल स्नैचिंग की वारदात के बाद विवेक विहार थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज 10 मिनट के भीतर एक बदमाश को दबोच लिया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि झिलमिल कॉलोनी निवासी एक युवक पैदल घर लौट रहा था। जैसे ही वह वर्मा ज्वेलर्स के पास पहुंचा, कस्तूरबा नगर की ओर से आए दो युवक अपाचे मोटर साइकिल पर सवार होकर पहुंचे और पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल झपट लिया।

# पतंजलि विवि के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण पर दिया गया जोर

## एआई आधरित चिकित्सा प्रणाली में व्यक्तिगत उपचार चयन विश्लेषणः डॉ. देव शर्मा

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटीआर) के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एआईएमटी) के सहयोग से अमे. रिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन (जीकेएफ), निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर (यूएमईएस) के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माधयम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और चंद्रमोहन व उनकी





टीम के समूहगान से हुआ। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य श्री एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया।

अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माधयम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की। कार्यक्रम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, पर नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने सिंक्रोना सिटी, नवाचार, स्टार्टअप्स और पतंजलि द्वारा भारतीय ज्ञान और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया। अपने प्रेरक संबोधन में पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि 'सहस्त्र चंद्र दर्शन' भारतीय सनातन परंपरा में दीर्घायु, स्वस्थ और ज्ञानपूर्ण जीवन के उत्सव का प्रतीक है, जिसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। उन्होंने बताया कि सनातन के मूल सिद्धांत खेती और किसान के जीवन में रचे-बसे हैं, जहां प्राकृतिक कृषि, पंचमहाभूतों के सम्मान और प्रकृति से सामंजस्य के माध्यम से सुखी एवं संतुलित जीवन का संदेश निहित है। आज सनातन संस्कृति का गौरव वैश्विक स्तर पर स्थापित हो रहा है। उन्होंने भूमंडलीकरण की अवधारणा पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे विश्व के देश आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं, जिससे विश्व 'वैश्विक गांव' बन रहा है। इस संदर्भ में 'वसुधैव कुटुंबकम' का सिद्धांत वैश्विक एकता, साझा उत्तरदायित्व और सामूहिक समाधान की भावना को सुकृढ़ करता है। स्वास्थ्य सेवा में इंटरनेट ऑफ थिंग्स' की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वियरेबल सेंसर, कनेक्टेड मेडिकल पंप और अस्पतालों के स्मार्ट उपकरण इंटरनेट व सॉफ्टवेयर के माधयम से जुड़े रहते हैं, जिससे स्वास्थ्य डेटा का संग्रह, साझा कर विश्लेषण संभव होता है। मुख्य अतिथि सचिन चौधरी ने बीआईएस द्वारा राष्ट्रीय मानकों, गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमलकिशोर पंत ने टेलीमेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य, एआई और भारतीय संस्कृति के वैश्विक महत्व पर विचार साझा किए। पतंजलि हर्बल रिसर्च की अनुसंधान प्रमुख डॉ. वेदप्रिया आर्या ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का समग्र परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने साक्ष्य-आधारित इतिहास, एग्रीटेक, मृदा परीक्षण तथा कृषि उद्यमिता को पतंजलि से जोड़ते हुए एआई-आधारित व्यावहारिक स्तर पर कार्य विस्तार की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को पुनः दोहराया।

# हापुड़ में स्ट्रीट फूड की गुणवत्ता पर नजर, नमूने लेकर जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मीनाक्षी रोड पर छोले-भटूरे, टिक्की और चाट आदि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर मिली शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की।



खाद्य विभाग अधिकारी आरपी गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने सड़क किनारे संचालित कई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गहन जांच की। खाद्य विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी कि मीनाक्षी रोड पर छोले-भटूरे विक्रेताओं के बीच अत्यधिक प्रतिस्पर्धा चल रही है, जिसके चलते खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर छोले का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर खाद्य विभाग अधिकारी आरपी गुप्ता ने संबंधित दुकानदारों को तत्काल नोटिस जारी करते हुए स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी पाई गई या भविष्य में सुधार नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरपी गुप्ता ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखना विक्रेताओं की जिम्मेदारी है। विभाग आगे भी नियमित रूप से इस तरह के निरीक्षण करता रहेगा। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से मीनाक्षी रोड के खाद्य विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने विभाग की इस पहल का स्वागत किया है और इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## फैक्ट्री चोरी का खुलासा, पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने कूलर फैक्ट्री से बिजली का मोटर चोरी करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया इलेक्ट्रिक मोटर भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पिलखुवा पुलिस ने मुकदमा बीएनएस से संबंधित मामले का खुलासा किया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने भगवत इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से एक संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अंकुर सोम पुत्र रामभज सिंह निवासी ग्राम गालंद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से हैवेल्स लैफर्ट कंपनी का एक इलेक्ट्रिक मोटर बरामद किया गया, जिसे कूलर फैक्ट्री से चोरी किया गया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध होटलों पर पुलिस का शिकंजा, दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर में बिना वैध अनुमति संचालित हो रहे ओयो श्रेणी के होटलों की बढ़ती संख्या पर अब पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। ऐसे होटलों को लेकर समय-समय पर कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सवाल उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए हापुड़ नगर कोतवाल विनोद पांडेय ने अवैध रूप से संचालित होटलों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



नगर कोतवाल ने स्पष्ट किया है कि जिन होटलों के पास आवश्यक पंजीकरण, दस्तावेज और नियमों के अनुरूप अनुमति नहीं है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने नगर क्षेत्र की सभी पुलिस चौकियों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित होटलों की सूची तैयार करें और वैधता की जांच करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित होटल संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में नगर क्षेत्र में इस तरह के होटलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। कई बार कार्रवाई के बाद कुछ होटल बंद होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद दोबारा संचालन शुरू होने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से इस बार सतत निगरानी और सख्त प्रवर्तन की रणनीति अपनाई जा रही है। नगर कोतवाल विनोद पांडेय ने कहा कि कानून-व्यवस्था, सामाजिक मर्यादा और आमजन की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी स्थिति में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। उन्होंने होटल संचाल. कों से भी अपील की है कि वे नियमों के अनुरूप ही अपने प्रतिष्ठान संचालित करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# कानून-व्यवस्था मजबूत, खुले में शराब पीने वाले 27 गिफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने और नशे की हालत में हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। नगर कोतवाली का चार्ज संभालने के बाद से ही नगर कोतवाल विनोद पांडेय लगातार ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में जुटे हैं। उनकी सख्ती का असर यह है कि खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बीते कुछ समय में अलग-अलग अभियानों के तहत कभी 199, कभी 40 और कभी 34 लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के आरोप में कार्रवाई की जा चुकी है।



इसी क्रम में बुधवार देर रात नगर कोतवाल विनोद पांडेय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में खुले में शराब पीकर हुड़दंग कर रहे 27 लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। अक्सर देखा जाता है कि शराब की दुकानों के सामने कैंटीन की व्यवस्था होने के बावजूद लोग उसका उपयोग नहीं करते और सड़कों, ठेलों या दुकानों के बाहर खड़े होकर शराब पीने लगते हैं। इससे न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने इस प्रवृत्ति को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाए हैं। नगर कोतवाल विनोद पांडेय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने या दूसरों को अवैध रूप से शराब पिलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार या ठेले वाला खुले में शराब पिलाते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सिम्स में लोहड़ी का भव्य उत्सव, सांस्कृतिक परंपरा में रंगा परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में लोहड़ी 2026 का पर्व सांस्कृतिक उल्लास, पारंपरिक रंगों और सामूहिक उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत एंकर गुनजन और गुनिका ने पारंपरिक पंजाबी अंदाज में की। इसके बाद बैच 2024 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गिद्धा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों और तालबद्ध प्रस्तुति को खूब सराहना मिली। सामूहिक गीत और ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर



प्रधानाचार्या डा. बरखा गुप्ता ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आपसी एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक लोहड़ी अलाव रहा, जिसका प्रज्वलन सरस्वती ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन, एएमईटी यूनिवर्सिटी चेन्नई की वाइस प्रेसिडेंट डा. दीपा राजेश, प्रधानाचार्या डा. बरखा गुप्ता और वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन ने भी समस्त संस्थान परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोहड़ी 2026 का यह आयोजन उत्साह और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# ई-स्कूटी लूट व बाइक चोरी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ई-स्कूटी लूट और मोटरसाइकिल चोरी की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई ई-स्कूटी, चोरी की प्लेटिना मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा अवैध असलहा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाबूगढ़ पुलिस ने कुचेसर रोड से दो अभियुक्तों को दबोचा। पूछताछ में अभियुक्तों ने 12 जनवरी 2026 की रात ग्राम बनखण्डा पेट्रोल पंप के पास ई-स्कूटी लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की।



गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उचित पुत्र स्व. राजीव सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बाबूगढ़, हाल पता कुचेसर रोड चौपला बाबूगढ़ तथा रौनक त्यागी पुत्र किनोपाल त्यागी निवासी ग्राम बनखण्डा थाना बाबूगढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक लूटी गई ई-स्कूटी, प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 37 डब्ल्यू 3430, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या डीएल 8 एसएडब्ल्यू 6275 और दो तमंचे 315 बोर मय दो जिंदा कारत. ूस बरामद किए हैं। बाबूगढ़ पुलिस का कहना है कि बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनपद में डॉग बाइट का ग्राफ तेज, तीन दिन में 100 से ज्यादा मामले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों के बीच भय का माहौल बन गया है। हालत यह है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 45 से अधिक लोग डॉग बाइट के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। बीते दिनों आवारा कुत्तों ने कई बच्चों और महिला पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई है।



जानकारी के अनुसार बुधवार को ही करीब 28 लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए। वहीं पिछले तीन दिनों में जिला अस्पताल में 80 से अधिक डॉग बाइट के मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि अस्पताल के अलावा निजी चिकित्सालयों और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्ते अचानक झुंड में हमला कर देते हैं, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर परिजन खासे चिंतित हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार डॉग बाइट के मामलों को देखते हुए अस्पताल में एंटी-रेबीज इंजेक्शन और अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कि सभी मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। लगातार बढ़ रही घटनाओं को लेकर लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के गंभीर मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

पुलिस के थाना पिलखुवा पुलिस ने मुकदमा से संबंधित आरोपी को दहपा प्याऊ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजीम पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम दहपा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़खानी की थी, जिसके बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आपदा से मुकाबले को तैयार हापुड़, आपदा मित्र एसडीआरएफ प्रशिक्षण के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में चयनित आपदा मित्रों को आपदा से निपटने के लिए और अधिक दक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर आपदा मित्रों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ कैंप लखनऊ रवाना किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा मित्रों को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने में सक्षम बनाना है।




जिला आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, आकाशीय बिजली, सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसों सहित अन्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने के लिए विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में खोज एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की प्रक्रिया, राहत सामग्री का वितरण, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन संचार व्यवस्था से संबंधित व्यावहा. रिक अभ्यास भी शामिल रहेगा। साथ ही विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देशों पर विशेष जोर दिया जाएगा। एसडीआरएफ के अनुभवी अधिक. ारियों द्वारा मॉक ड्रिल और फील्ड अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे आपदा मित्र वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर ढंग से कार्य कर सकें। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद आपदा मित्र जनपद में किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह प्रशिक्षण जनपद की आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन को आपदा के प्रति जागरूक करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# टोल प्लाजा के खिलाफ 25वें दिन भी रहा धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पालिका सीमा में चल रहे टोल प्लाजा को तयशुदा मानकों के विपरीत अवैध रूप में संचालित होने का आरोप लगाकर हटवाने की मांग को लेकर चलाया जा रहा धरना 25 वें दिन भी जारी रहा, जिसमें शामिल होकर व्यापारियों ने शासन प्रशासन के साथ ही जन प्रतिनिधियों की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जताई।

गढ़ पालिका सीमा के अंतर्गत दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर संचालित हो रहे ब्रजघाट टोल प्लाजा को हटवाने की मुहिम लगातार तेजी पकड़ती जा रही है। मानकों के विपरीत अवैध रूप से संचालित होने का दावा करते हुए समाजसेवी पंकज लोधी राजपूत द्वारा तहसील परिसर में बेमियादी धरना दिया जा रहा है, जो गुरुवार को लगातार 25 वें दिन भी जारी रहा।



फल एवं सब्जी आढ़त एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी यामीन पप्पू दर्जनों आढ़तियों के साथ धरने में शामिल हुए। जिन्होंने समाज सेवी पंकज लोधी द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए हरसंभव स्तर पर भागीदार रहने का संकल्प लिया। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनवर मलिक ने जनहित से जुड़ीं मांगों को शासन प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों द्वारा नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। पूर्व सभासद अनिल बंसल, अब्बासी महासभा के प्रतिनिधि नुसरत अली, अशोक गुप्ता, चीनू यादव, बंटी जोशी, धर्मेंद्र यादव, गुड्डू चौहान, अनीस कुरैशी, मसरूर, अतरसिंह कटारिया समेत दर्जनों लोग धरने में शामिल हुए।

# दौड़ में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर भाकियू नेत्री के पोते ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू नेत्री के पोते ने उत्तराखंड राज्य में स्कूल गेम्स एमएटीयूआर फेडेरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में हुई चैंपियनशिप की चार सौ मीटर दौड़ में गोल्ड और सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

भाकियू टिकैत की प्रदेश सचिव विनीता चौधरी का पोता कनिष्क चौधरी बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पलवाड़ा के गणेश पब्लिक स्कूल में चौथी क्लास का छात्र है, जिसने उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार शहर में स्कूल गेम्स एमएटीयूआर फेडेरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में मंगलवार को हुई एथलेटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कनिष्क द्वारा अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर चार सौ मीटर दौड़ में गोल्ड और सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतने पर आयोजन समिति ने उसे पुरस्कृत करते हुए हौंसला बढ़ाया। कनिष्क चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन से दादी विनीता चौधरी, पिता राहुल सिंह, चाचा हनी चौधरी, बुआ रूबा सिंह समेत ग्रामीण फूले नहीं समा रहे हैं और क्षेत्रवासी भी खुद को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं।



## एक नजर

### कॉलेज से कॉपर तार चोरी का भंडाफोड़, चोर सहित औजार और वाहन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने जीएस मेडिकल कॉलेज से कॉपर तार चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक बाल अपचारी सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कॉपर केबल तार, कटर, अवैध चाकू और वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया है।

पुलिस टीम ने जटपुरा कट के पास घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने जीएस मेडिकल कॉलेज से तार चोरी करने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनस बेग पुत्र स्वर्गीय खालिद निवासी ग्राम कुशलिया थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद तथा एक बाल अपचारी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 21.05 किलोग्राम कॉपर केबल तार, केबल काटने का कटर, एक अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त सीएनजी ऑटो संख्या यूपी 14 एलटी 7690 बरामद किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने फर्जी बैनामा करने वाले दो आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन का बैनामा कराने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से जमीन संबंधी धोखाधड़ी के मामलों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार थाना धौलाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले का सफल अनावरण किया। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मूलचंद उर्फ मूला पुत्र महीपत उर्फ महिपाल निवासी ग्राम धौलाना थाना धौलाना तथा इस्लाम पुत्र सद्दीक फकीर उर्फ अलवी निवासी ग्राम धौलाना थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से बैनामा कराकर धोखाधड़ी की थी। संबंधित धाराओं में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मुकदमे में फैसला न करने पर, तमंचा दिखाकर भयभीत करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के स्याना रोड निवासी युवक ने न्यायालय में चल रहे वाद में फैसला करने पर आरोपी पक्ष पर तमंचा तानने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सलमान ने बताया कि उसके घर में करीब चार माह पूर्व एक युवक घुस गया था। उसकी आहट होने पर उसने आरोपी को पकड़ा तो आरोपी ने उसको पीटकर घायल कर दिया। घटना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद से मामला न्यायालय में चल रहा है।

पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व वह गाड़ी से गांव बदरखा के लिए जा रहा था। रास्ते में आरोपी पक्ष ने उसको रोक कर तमंचा दिखाकर भयभीत किया। पीड़ित ने मौके पर ही पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मकर संक्राति के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने किया पूजन के साथ गंगा स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी मकर संक्रांति पर्व रहने से मां गंगा के तट पर स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। लोगों ने सुबह से ही गंगा जी में स्नान किए। सभी प्रमुख घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। जबकि विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार के अलावा बृहस्पतिवार को भी मां गंगा के तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। दूरस्थ समीपस्थ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। सुबह से नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में अनेक धार्मिक आयोजन होते रहे। जिनमें मां गंगा की पूजन अर्चन के साथ ही शिव का अभिषेक, रामायण पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा।

# गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड

■ तीन तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 102.4 किलो. ग्राम अवैध गांजा के साथ तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। पुलिस ने गांजा ले जा रही एक्सेंट कार को भी सीज कर लिया है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि बुधवार को एक्सपोमार्ट के पास नाले के किनारे ब्राली सड़क पर घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिंकू यादव (32), संजीव साहू (32) और अभिषेक कुमार (23) के रूप में हुई है। रिंकू यादव मूल रूप से मैनपुरी का निवासी है। वर्तमान में मामूरा नोएडा में रह रहा था। संजीव साहू बदायूं का रहने वाला है। जो गाजियाबाद के राहुल विहार में किराये पर रह रहा था। जबकि अभिषेक कुमार बिहार के बेगूसराय का निवासी है और सेक्टर-70, नोएडा में किराये के मकान में रह रहा था।



**ओडिशा से सस्ते दामों में खरीदते थे:** यह गिरोह ओडिशा से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर एनसीआर क्षेत्र में ऊंचे दामों पर सप्लाई करता था। आरोपी ओडिशा से ट्रक किराये पर लेकर गांजा लाते थे और रास्ते में पुलिस व सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए अनजान और ग्रामीण रास्तों का इस्तेमाल करते थे। ट्रक से उतारने के बाद गांजा को किराये के मकानों में छिपाया जाता और फिर टैक्सी कारों के जरिए अलग-अलग इलाकों में सप्लाई की जाती थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से करीब 4 से 5 हजार रुपये प्रति किलो की दर से गांजा खरीदते थे और एनसीआर में इसे 15 से 20 हजार रुपये प्रति किलो तक में बेच देते थे।

इस अवैध कारोबार से उन्हें मोटा मुनाफा होता था। गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और विभिन्न शहरों में किराये पर कमरे लेकर नेटवर्क फैलाए हुए था। गिरफ्तार आरोपियों में रिंकू यादव का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले से ही थाना फेस-3 और थाना एक्सप्रेसवे में एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत तीन मुकदमे दर्ज हैं। संजीव साहू पर भी थाना सेक्टर-63 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जबकि अभिषेक कुमार के खिलाफ थाना फेस-3 में पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा चल रहा है। पुलिस अब तीनों के आपराधिक नेटवर्क, सप्लायरों और खरीदारों की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। यह खेप एनसीआर में कई इलाकों में सप्लाई की जानी थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई कर तस्करी के इस बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया।

**छात्रों को करते थे सप्लाई:** पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि वह लोग कॉलेज, यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अवैध रूप से गांजा सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि गांजा तस्करी करने वाले गैंग के कुछ अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# नोएडा में पहले के मुकाबले 10 प्रतिशत बढ़े सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार के मरीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा के अस्पतालों में भी सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या पहले की तुलना में करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ गई है। डॉक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम और ठंडी हवाओं की चपेट में आकर लोग बीमार पड़ रहे हैं।



फिजिशियन डॉ. प्रदीप शैलत ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ही सर्दी, जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक मरीज इन समस्याओं के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। बृहस्पतिवार को केवल सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार से पीड़ित 310 मरीज ओपीडी में आए। बच्चों के मरीजों का आंकड़ा इससे अलग है, जो चिंता का विषय है।

**कई लोगों को अस्थमा अटेक:** डॉ. शैलत ने बताया कि इस दौरान अस्थमा के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। कई मरीज अस्थमा अटेक की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। ठंडी हवा और प्रदूषण के कारण अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में खास ध्यान रखने की जरूरत है। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनना, ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करना और संतुलित आहार लेना जरूरी है। वहीं, दोपहर 2 बजे ओपीडी बंद होने के बाद इमरजेंसी में भी सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं।

**दिल की बीमारी के मरीजों को किया जा रहा रेफर:** सर्दी बढ़ने के साथ ही दिल की बीमारी के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है लेकिन जिला अस्पताल में पिछले एक साल से कार्डियोलॉजिस्ट नहीं है। इसलिए इन मरीजों को फिजिशियन के पास भेजा जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे मरीज भी हैं, जिनका इलाज यहां संभव नहीं है, इसलिए उनको रेफर किया जा रहा है। सीएमएस डॉ. अजय राणा का कहना है कि इसके बारे में शासन को अवगत करा दिया गया है।

# यमुना सिटी की आवासीय भूखंड योजना में देरी होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 973 आवासीय भूखंडों की योजना आने में देरी होगी। उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्राधिकरण के आवेदन पर आपत्तियां लगा दी हैं। रेरा ने कई सुधार करने के लिए कहा है। यमुना विकास प्राधिकरण ने बीते महीने यूपी रेरा में 973 आवासीय भूखंडों की योजना के लिए आवेदन किया था। यह भूखंड सेक्टर 15-सी, सेक्टर 18 और सेक्टर 24-ए में प्रस्तावित है। इसमें से सर्वाधिक 965 भूखंड 150 से 200 वर्गमीटर के हैं। इसके अलावा 200 से 250 वर्गमीटर के छह भूखंड और 250 से 500 वर्गमीटर के दो भूखंड हैं।




इसके साथ ही कुछ अन्य छोटे भूखंडों की आवासीय योजना का प्रस्ताव भी तैयार किया, लेकिन यूपी रेरा ने मामले में कई आपत्तियां लगा दी हैं। इनमें वन टाइम लीज रेंट और एग्रीमेंट टू लीज जैसी आपत्तियां हैं, जिसके चलते योजना शुरू करने में देरी हो सकती है। वहीं, इस मामले में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि प्राधिकरण ने रेरा को अपना जवाब भेज दिया है। प्राधिकरण अपनी जमीन पर योजना शुरू कर रहा है। ऐसे में ये आपत्तियां निराधार हैं। वार्ता जारी है, जल्द ही योजना शुरू करने का प्रयास है। हालांकि, अभी इसमें थोड़ा समय लग सकता है।

# नीम का हरा पेड़ काटने का आरोप, तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के मुरादगढ़ी गांव के सेक्टर-33 में नीम का हरा पेड़ काटने का मामला सामने आया है। रबूपुरा कोतवाली पुलिस में गांव के चौकीदार की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार लिया है। आरो. पियों की पहचान शाकिब निवासी पलवल, फरमान और आकिल निवासी गांव नगला हांडा, जेवर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गांव मुरादगढ़ी निवासी चौकीदार हरिश्चंद्र ने गांव के पास स्थित सेक्टर-33 में नीम का हरा पेड़ काटने की जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां पांच लोग अवैध रूप से पेड़ काट रहे थे। पुलिस को देख पांचों भागने लगे। मौके से तीन आरोपियों को दबोच लिया गया जबकि सलमान और अजहरुद्दीन उर्फ अजय निवासी मौके से भाग गए। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम एक्ट की 1927 की धारा 4 और 10 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर

### कपड़े से भरे ट्रक में लगी आग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के चोटपुर पुश्ता के पास एक ट्रक में गुरुवार शाम चार बजे के आसपास आग लग गई। ट्रक में कपड़े की कतरन भरी थी। आग तेजी से फैली जिससे ट्रक जलकर राख हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियों को रवाना किया गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना थाना सेक्टर-63 की है। चोटपुर पुश्ता रोड के पास कपड़ों की कतरन का काम होता है। वहीं ट्रक खड़ा था। ट्रक में पीछे कपड़ों की कतरन भरी थी। इसी में कोई ज्वलनशील पदार्थ आकर गिरा। जिससे पहले आग सुलगने लगी और फिर तेजी से बढ़ी। मौजूद लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद दमकल विभाग को जानकारी दी। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। साथ ही आसपास भी पानी का छिड़काव किया। क्योंकि कतरन के चिनगारी वहां तक जा रही थी। आग से कोई जनहानि नहीं है।

### पैरामाउंट सोसाइटी की बालकनी में युवक का मिला शव -दोस्तों के साथ पार्टी के लिए आया था

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र स्थित पैरामाउंट सोसाइटी के ओक टावर में गुरुवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस जांच में पता चला है कि युवक अपने दोस्तों के साथ पार्टी के लिया आया था। घटना के वक्त उसके दोस्त दूसरे कमरे में सो रहे थे। पुलिस की ओर मृतक युवक के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान मनीष (20) निवासी गांव निजामपुर थाना सिकंदराबाद कोतवाली बुलंदशहर के रूप में की है। डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि सोसाइटी के ओक टावर की बाल. कनी में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही थाना सूरजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान मनीष (20) निवासी गांव निजामपुर थाना सिकंदराबाद कोतवाली बुलंदशहर के रूप में की है। पुलिस द्वारा मौके पर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में यह मामला छत से कूदकर आत्महत्या करने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर रही है। उनसे पूछताछ के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सोसाइटी के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस जांच में पता चला है कि युवक अपने दोस्तों के साथ पार्टी के लिया आया था। घटना के वक्त उसके दोस्त दूसरे कमरे में सो रहे थे। पुलिस की ओर से मृतक युवक के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

### नए आगरा में स्थानीय उद्योगों और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नए आगरा में स्थानीय उद्योगों और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) ने नए आगरा के मास्टर प्लान की समीक्षा की है। ताजमहल के चलते संरक्षित क्षेत्र होने से पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों पर जोर देने, यातायात और हरित क्षेत्र के बारे में सुझाव दिए हैं। एसपीए सुझावों के साथ मास्टर प्लान यमुना प्राधिकरण को भेज दिया है। अब इन पर चर्चा के बाद मास्टर प्लान पर अंतिम मुहर लगेगी। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि एक सर्वे के अनुसार वर्तमान में आगरा कम पूंजी से चलने वाले और ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों की मजबूत आधारशिला है। इस क्षेत्र में 6790 पंजीकृत मध्यम और लघु उद्योग हैं। इनमें सीधे तौर पर लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिलता है। आगरा जूते, कालीन और हस्तशिल्प के समूहों के लिए जाना जाता है, जो कुल 3.05 लाख रोजगार देते हैं। जूते के क्षेत्र में आगरा भारत के सबसे बड़े निर्यातक में से एक है। इस क्षेत्र में दो लाख से अधिक लोग काम करते हैं। 75 हजार लोग कालीन बनाने में लगे हैं, जबकि 30 हजार पत्थर और संगमरमर की हस्तशिल्प वस्तुएं बनाते हैं।

ये सभी मुख्य रूप से छोटे और सूक्ष्म उद्योग हैं। अन्य उद्योगों में धातु की ढलाई और फोर्जिंग, डीजल जनरेटर और अन्य उपकरण का निर्माण, खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि नए आगरा शहर को नए अवसरों के साथ बसाने की तैयारी है, ताकि शहर में होने वाले विकास से स्थानीय उद्योगों और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा मिल सके। ग्रीन और व्हाइट औद्योगिक इकाई लगाने की योजना नया आगरा क्षेत्र ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) के अंतर्गत आता है। इसके कारण कोयले पर आधारित उद्योगों का विकास सीमित है।

# नोएडा डिपो से आसपास के शहरों के लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा डिपो से आसपास के शहरों के लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। फरवरी शुरुआत से यात्रियों के लिए यह सुविधा शुरू की जाएगी। इसमें बुलंदशहर, मेरठ और आसपास के अन्य शहरों के लिए बसों के अतिरिक्त फेरों की सुविधा शामिल है। नोएडा डिपो में 188 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो से कई शहरों के लिए बसें चलती हैं। इसमें आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, बदायूं, हाथरस, कालागढ़, शिकोहाबाद, बिजनौर, लखनऊ, बरेली, हरिद्वार, कोटद्वार, देहरादून, मेरठ समेत अन्य शहरों के लिए बस सेवा शामिल है। डिपो के कई बसें गाजियाबाद के कौशांबी डिपो से यात्री लेकर फिर रूट पर निकलती हैं।

नोएडा डिपो से मेरठ के लिए 24 बसें चलती हैं। इसके अलावा लगभग 20 बसें अन्य रूटों की हैं जो मेरठ जाती हैं। वहीं बुलंदशहर के लिए 12 बसें चलती हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में नोएडा डिपो की बसों से रोजाना औसतन 30 से 31 हजार यात्री सफर कर रहे हैं लेकिन तापमान में वृद्धि के साथ ही यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि आसपास के शहरों के लिए, यात्रियों की संख्या में हर साल वृद्धि हो रही है। समय समय पर बसों के फेरे और अतिरिक्त बसें चलाई जाती हैं। इस बार बसों के फेरों में और वृद्धि की जाएगी।

## दहेज उत्पीड़न और जानलेवा हमले का आरोप

**नोएडा।** सेक्टर-39 स्थित महिला थाना क्षेत्र में विवाहिता ने अपने पति, सास-ससुर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। प्रयागराज निवासी पीड़िता हिमानी वर्तमान में सेक्टर-150 में रहती हैं। उनकी शादी 13 जुलाई 2016 को ओडिशा निवासी मलय प्रियदर्शन से हुई थी। उनकी एक बेटी मिशिका (4) भी है। आरोप है कि पति का किसी अन्य महिला से प्रेम संबंध है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो सास-ससुर ने कहा कि यदि घर में रहना है तो उनकी सभी शर्तें माननी होंगी। सभी ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकलीं। बाद में समझौते का भरोसा देकर उसे फिर घर में रखा गया, लेकिन उत्पीड़न और बढ़ गया। 25 अक्टूबर को पति और सास ने मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया।

# अमेरिकी शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 18 लाख रुपये ठगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने अमेरिकी शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर निठारी निवासी व्यक्ति से 18 लाख रुपये से अधिक ठग लिए। आरोपियों ने 16 दिसंबर से आठ जनवरी के बीच जालसाजी की। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-31 स्थित निठारी निवासी नर्मदेश्वर झा ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से मथुरा का रहने वाला है। 16 दिसंबर को उनके व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने उन्हें अमेरिकी शेयर बाजार में निवेश करने पर अधिक मुनाफा होने का लालच दिया।

इसके बाद जालसाजों ने उन्हें व्हाट्सऐप के ग्रुप पर जोड़ लिया। ग्रुप के संचालकों ने खुद को सेबी से पंजीकृत कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उनका विश्वास जीत लिया। उस ग्रुप में बड़ी संख्या में लोग जुड़े थे। वे निवेश होने वाली रकम और लाभ की जानकारी साझा कर रहे थे। इसके बाद ग्रुप के संचालक कथित डॉ. अनिल गोयल ने नर्मदेश्वर के मोबाइल में एक एप्लीकेशन डाउनलोड कराई। इसके बाद निवेश करने के लिए कथित महिला ओम्मी सलमा से संपर्क हुआ। उसने यह दावा किया कि शिकायतकर्ता द्वारा भेजी गई रकम को मोबाइल ऐप में रिचार्ज कर देंगी। इसके बाद पीड़ित ने खुद के और दोस्त रामेंद्र सिंह के बैंक खातों से अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। शुरुआत में 50 हजार रुपये निवेश किए। शिकायतकर्ता को ऐप में अधिक से अधिक रकम रखने पर अधिक मुनाफा होने का लालच दिया गया। पीड़ित ने 16 दिसंबर से आठ जनवरी के बीच कुल 18 लाख पांच हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पीड़ित से आईपीओ में शेयर दिलाने के लिए 20 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित द्वारा रुपये न देने पर उनके ऐप को बंद कर दिया और उनसे संपर्क तोड़ लिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निक्की हत्याकांड में सास की जमानत याचिका खारिज

## आग से जलने से मौत हुई थी, ससुराल वालों पर हत्या का है आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** सिरसा गांव में निक्की हत्याकांड में आरोपी सास दया की जमानत याचिका को अदालत ने खारिज कर दी है। 21 अगस्त 2025 को सिरसा गांव में निक्की को जलाकर हत्या करने का आरोप लगा था। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति विपिन, सास दया जेठ रोहित और ससुर सतवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज गिरफ्तार किया था। जेठ रोहित को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। बाकी जेल में बंद है।

पुलिस इस मामले में कोर्ट चार्जशीट फाइल कर चुकी है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरो. पी पक्ष के वकील ने कोर्ट ने सास दया की जमानत के लिए प्रार्थना पत्र लगाया था। सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। निक्की भाटी पक्ष के वकील उधम सिंह तोंगड़ और संतोष बंसल ने बताया कि अदालत ने आरोपी पक्ष की दलील को खारिज कर जमानत याचिका को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामला गंभीर है। ऐसे में आरोपी को रिहा करना ठीक नहीं होगा।



**500 पेज की चार्जशीट फाइल की थी:** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में विवाहित निक्की भाटी को जलाकर हत्या करने के सनसनीखेज मामले में कासना कोतवाली पुलिस ने अदालत में 500 पन्नों से अधिक की विस्तृत चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने इस मामले में निक्की के पति विपिन भाटी, जेठ रोहित भाटी, सास दया और ससुर सतवीर को आरोपी बनाया है। आरो. प है कि चारों ने आपराधिक षडयंत्र रचकर हत्या को अंजाम दिया।

चार्जशीट के मुताबिक, आरोपी निक्की और उसकी बहन के इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने से नाराज थे। परिवार के विरोध के बाद भी जब निक्की वीडियो बनाना नहीं मानी, तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे मारपीट कर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। ऐसे में कोर्ट ने इस मामले को गंभीर प्रवृति का माना और जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया।

# बहू पर एक करोड़ के गहने लेकर विदेश भागने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा-2 निवासी महिला ने बहू पर एक करोड़ रुपये से अधिक के गहने लेकर विदेश भागने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी बहू और उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शिखा उपाध्याय ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने 20 फरवरी 2023 को अपनी बेटे अभिषेक की शादी हरियाणा के करनाल निवासी जयवीर सिंह की बेटी शिखा से की थी। उनके पति की ज्वेलरी की दुकान है। आरोप है कि बहू और उसके मायके वालों ने दबाव बनाकर 670 ग्राम सोने और करीब चार किलो चांदी के गहने शादी के समय चढ़वा लिए।

ससुराल में घरेलू काम करने के लिए कहने पर बहू विदेश जाकर नौकरी करने के लिए कहने लगी। बहू 27 जुलाई 2025 को घर पर अकेली थी।

इस बीच उसने अपने पिता, चाचा, भाई और अज्ञात लोगों को घर बुला लिया। वह घर से गहने भरकर ले जाने लगी। इसी बीच घर पहुंचे सास-ससुर के विरोध करने पर बहू और उसके मायके वालों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ित सास ने आरोपी बहू और उसके मायके पक्ष के लोगों पर घर से गहने चोरी करके ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि मायके पक्ष के लोगों ने आरोपी बहू को विदेश भगा दिया है। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेनो के दो गांवों में निर्बाध आपूर्ति के लिए बनाए जाएगा नया फीडर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** विद्युत निगम द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के दो गांवों के उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए बिजली उपकेंद्र पर नया फीडर बनाया जाएगा। इस फीडर लाइन को बनाने का विद्युत निगम ने मार्च 2026 तक का लक्ष्य रखा है। हालांकि विद्युत निगम का प्रयास है कि फीडर लाइन के बनाने का कार्य फरवरी 2026 तक ही पूरा कर लिया जाए। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार पटेल ने बताया कि इटैरा में 33/11 केवी का बिजली उपकेंद्र है। इस उपकेंद्र से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रोजा जलालपुर और रोजा याकूबपुर गांव को बिजली आपूर्ति जाती है।

लाइन पर भार अधिक होने की वजह से दोनों गांवों में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने में दिक्कतें आती हैं। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से निर्बाध आपूर्ति देने में दिक्कतें आती है।

इस तरह की समस्या को देखते हुए विद्युत निगम ने इटैरा बिजली उपकेंद्र पर नया फीडर बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। बिजली उपकेंद्र से दोनों गांवों को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए नई फीडर लाइन भी बनाई जाएगी।

इस लाइन को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे दोनों गांवों के 3500 उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उसी को ध्यान में रखते हुए बिजली ढांचे को सुधरने और मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है।

# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी में प्राधिकरण ले लगाई शर्त

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जारी किया अधिभोग प्रमाण पत्र, 458 बायर्स को राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-150 स्थित एससी-02 में बने प्रोजेक्ट में छह टावर (ए-1, ए-2, बी-1, बी-2, बी-3 व सी-1) गोदरेज ब्रिक राइस के लिए अधिभोग प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। ये निर्णय प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के क्रम में लिया। हालांकि प्राधिकरण ने इसके लिए बिल्डर पर कई शर्त भी लगाई है।

ये शर्त ब्रोशर के अनुसार निर्माण, सुरक्षा, स्पोर्ट्स एक्टिविटी, एनजीटी के नियम और टाइम एक्सटेंशन जैसी करीब 23 से ज्यादा शर्त है। इससे करीब 458 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि बिल्डर को स्पोर्ट्स सिटी में 70:30 रेशियो रखना होगा। यानी इसके 70 प्रतिशत हिस्से में स्पोर्ट्स एक्टिविटी और 30 प्रतिशत में आवासीय सुविधा देनी होगी।



**प्राधिकरण की इन शर्तों का करना होगा पालन:** इस अधिभोग में टॉवर के साथ लगा क्षेत्र सम्मिलित नहीं है। यह क्षेत्र स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 70 प्रतिशत का हिस्सा है।

# रेलवे लाइन किनारे मिला शव, हत्या की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुरा गांव के सामने रेलवे लाइन के किनारे व्यक्ति का शव मिला है। चोट के निशान की वजह से हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मूलरूप से मैनपुरी के मानपुर गांव निवासी पवन कुमार (42) यहां पिता के साथ रोड़ी बदरपुर व बिल्डर का काम करते थे। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर खेड़ा गांव में परिवार के साथ रहते थे। वह बुधवार को दोपहर के समय घर से निकले थे। उसके बाद वह देर शाम तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बृहस्पतिवार दोपहर धर्मपुर खेड़ा गांव के सामने रेलवे लाइन के किनारे शव मिलने की सूचना पुलिस ने परि. जनों को दी। मृतक के सिर व अन्य जगह चोट के निशान बने थे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शादी का झांसा देकर सिपाही ने किया शारीरिक शोषण

## पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** क्षेत्र की एक युवती ने उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात सिपाही पर शादी का झांसा देकर वर्षों से शारीरिक शोषण करने, निजी फोटो-वीडियो बनाकर धमकी देने एवं मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता के अनुसार उसका लगभग छह वर्षों से आरोपी सिपाही से प्रेम संबंध था। आरोपी वर्तमान में जनपद खीरी के ओयल चौकी में तैनात बताया गया है। आरोप है कि आरोपी ने शादी का आश्वासन देकर पीड़िता को किराये के मकानों व अन्य स्थानों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने विवाह की बात कही तो आरोपी टालमटोल करता रहा। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसकी निजी फोटो व वीडियो बना लिए और उन्हें वायरल करने की धमकी देता रहा। पीड़िता के परिजनों की मौजूदगी में दो बार रिश्ता तय हुआ, जिसमें आरोपी को नकद रुपये व कपड़े भी दिए गए, इसके बावजूद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। घटना के अनुसार 12 नवंबर 2025 को चांदपुर रेलवे स्टेशन पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की, वीडियो बनाई और उसका मोबा. इल फोन छीन लिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पुलिस में होने का रौब दिखाकर जान से मारने की धमकी भी देता रहा।

पीड़िता ने थाना चांदपुर में शिकायत करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी द्वारा दबाव बनाए जाने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। बाद में आरोपी ने फोन कर स्पष्ट रूप से शादी से इंकार करते हुए धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी सिपाही के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर उसे न्याय व सुरक्षा प्रदान की जाए। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना-पत्र की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

## डॉक्टर ने अनोखे ढंग से मनाया जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक ओर जहां लोग लाखो रूपए खर्च करके जन्मदिन मनाते है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी है जो सादगी के साथ जन्मदिन दिन मनाकर खुशियां बांटते है। ऐसे ही कुछ कर दिखाने की चाह रखती है चिकित्सक मनीषा दक्ष। पिछले दस वर्षो की भांति इस वर्ष भी उन्होंने अपने जन्मदिन पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए जन्मदिन मनाया है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा करने की कोशिश की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर चुंगी के निकट रहने वाले डा. एके दक्ष की पत्नी डॉ. मनीषा दक्ष पिछले कई वर्षों से अपने जन्म दिन को सादगी से मनाते हुए समाजसेवा का संदेश देने का प्रयास कर रही। वह अपने जन्म दिन पर मंदिर में भंडारा करके या फिर गरीबों को कंबल वित. रित करते हुए अपना जन्म दिन सादगी के साथ मनाती आ रहे हैं। इस बार डा. मनीषा दक्ष के जन्म दिन पर 50 जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरित किए गए।

इस मौके पर डा. मनीषा दक्ष ने कहा कि जन्मदिन हर वर्ष एक खुशी का पल लेकर आता है। कुछ लोग लाखों रूपए खर्च करके जन्मदिन मनाते है। लेकिन वह अपने जन्मदिन पर कंबल वितरित करते हुए मनाती है। उनके जन्मदिन पर कुछ जरूरतमंदों की जरूरत पूरी हो जाती है, जिससे उन्हें खुशी का एहसास होता है। उनकी इसी खुशी की एक मुस्कराहट उनके जन्मदिन का एक तोहफा होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में फूलवती देवी, गोल्डिका दक्ष, प्रशांत, अभिषेक, पंकज प्रजापति आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### झालू में आज विशाल हिंदू सम्मेलन

**झालू।** समाज को संगठित करने और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन कल (आज) दोपहर 11 बजे से हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश, महाराज (पं. पू. महामंडलेश्वर) करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अरुण काल अखिल भारतीय सह संयोजक, धर्म जागरण (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) अपने विचार रखेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हरीश रोतैला (क्षेत्र सह संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में हिंदू समाज की एकता, धर्म-संरक्षण और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थितजनों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, झालू व अगरी मंडल, जिला बिजनौर ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वह परिवार सहित उपस्थित होकर इस सम्मेलन को सफल बनाएं और समाजहित के इस प्रयास में सहभागी बनें।

### छूट पर कृषि यंत्रों के वितरण का शुभारंभ



**धामपुर।** शुगर मिल्स ने आगामी बंसत कालीन गन्ना बुआई हेतु उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह, शुगर मिल्स उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को भारी छूट पर कृषि यंत्रो जैसे ट्रेंच रीजर ,यंत्र रिवर्सिवल डीपप्ल , पॉवर स्पेयर, टबेट्री चालित, मिट्टी चढ़ाने वाला यंत्र, छोटे ट्रैक्टर व अन्य उपकरण भारी छूट पर किसानों को दिए गए। इस अवसर पर उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि सभी किसान इन यंत्रों को छूट से खरीदे तथा इनका लाभ उठाएं और किसान गहरी जुताई अवशय करें। ट्रेच विधि से गन्ने की बुआई करें रेटून मेनेजर द्वारा पेडी प्रबंधन अवश्य करे तथा चार या पांच गन्ना प्रजाति अवश्य रखे। इस अवसर पर चीनी मिल के उपाध्यक्ष ने सभी किसानों को आह्वान किया है, कि पेस्टीसाइड दवाईयां, कृषि यंत्र, व अच्छी-अच्छी गन्ना प्रजातियों को चीनी मिल द्वारा छूट पर दिया जायेगा। छोटे ट्रैक्टर किसानो की गन्ने की खेती में बहुत उपयोगी सिद्ध हुए है। इससे कृषकों की खेती लागत में कमी आयेगी, ट्रेंच विधि से गन्ने की बुआई कर गन्ने की निराई-गुडाई व मिट्टी चढ़ाई में बहुत उपयोगी है, इससे किसानों की पैदावार बढने के साथ-साथ लेबर समस्या भी हल होगी।

# सफाई कर्मियों को गर्म वस्त्र वितरित

## सफाईकर्मी स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ : चेयरमैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद परिसर में सफाई कर्मियों के सम्मान और सुविधा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने नगर की सफाई व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहे सफाई मित्रों को ट्रैक सूट, जूते तथा महिला सफाई कर्मियों को गर्म सूट वितरित किए।

इस अवसर पर संविदा कर्मी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी एवं स्थायी कर्मचारी सहित कुल 177 सफाई कर्मियों को सामग्री वितरित की गई, जिनमें 44 महिला सफाई कर्मी भी शामिल रहीं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और ठंड के मौसम में उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों का योगदान सराहनीय है। नगर पालिका भविष्य में भी कर्मचारियों के हित में आवश्यक कदम उठाती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सभासद नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, संतोष राजपूत, सुमित महेश्वरी एवं हिमांशु कुमार उपस्थित रहे। वहीं सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव चैनवाल, उपाध्यक्ष मनजीत सिंह तथा महामंत्री आशीष पवार सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों ने पालिकाध्यक्ष एवं नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से उनका मनोबल बढ़ता है और कार्य करने में नई ऊर्जा मिलती है।

# डिजिटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत, मुरादाबाद मण्डल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेन्टर अमरोहा के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, वार्ड नंबरों का डिजिटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर विकास खण्ड सभागार धामपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को कम्पयूटर, स्मार्ट फोन के उपयोग एवं दुरूपयोग, वित्तीय धोखाधडी से बचने के तरीकों को सिखाना है। प्रशिक्षक कुलवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक आवश्यक क्षमता बन गई है। तकनीकी प्रगति और शासन के डिजिटल परिवर्तन के दौर में यह अत्यंन्त आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षक प्रीति, हिरदेश ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि न केवल सूचनाओं को सुलभता से प्राप्त करें, बल्कि योजनाओं एवं सेवाओं के प्रभावी क्रियान्यवन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें।

### गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया



**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के गांव सराय आलम के समीप बीते कुछ दिनों से गुलदार देखे जाने से लोग भयभीत है। बीते दिनों गुलदार ने नांगल सराय आलम मार्ग को काफी देर तक बंद रखा। वही क्षेत्र के किसान विनय कुमार, सत्यपाल सिंह, संतराम सिंह, सुशील कुमार, विजय सिंह ने बताया कि आजकल गन्ना छीलने का सीजन चल रहा है। खेतों पर लगातार गुलदार देखा जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों और किसानों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़े जाने की मांग की थी। बृहस्पतिवार को दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सराय आलम नहर के समीप पिंजरा लगाया है।

## एक नजर

### अखिल भारतीय पाल महासभा की बैठक



**चांदपुर।** अखिल भारतीय पाल महासभा की एक बैठक डा. लाखन सिंह पाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा के निवास स्थान चंद्रा नर्सिंग होम में आयोजित की गईं। बैठक की अध्यक्षता प्रधान डॉ. इंद्रपाल सिंह पाल ने की जबकि संचालन नितिन पाल ने किया। बैठक मे वाराणसी (बनारस) मणिकर्णिका घाट पर बने मंदिर में महारानी अहिल्याबाई की प्रतिमा को सरकार द्वारा ध्वस्त किए जाने की घोर निंदा की गई। डा. लाखन सिंह पाल पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारी राजनीति की प्रेरणा स्रोत महारानी अहिल्याबाई होल्कर हमारी आस्था का प्रतीक है। डॉ. पाल ने कहा कि उन्होंने सोमनाथ मंदिर सहित पूरे देश में मंदिरों का निर्माण कराया था। आज ऐसी महान विभूति की प्रतिमा को तोड़ा जाना निंदनीय कार्य है। बैठक में पाल समाज के लोगों ने कहा कि मौजूदा प्रशासन यह घोषणा करें कि उनकी नई प्रतिमा लगाएंगे, यदि बनारस प्रशासन ऐसा नहीं करता है तो अखिल भारतीय पाल समाज देशव्यापी आंदोलन करने पर बाध्य होगा। बैठक में पतराम सिंह पाल, जयप्रकाश सिंह पाल, रोहित पाल, महेंद्र पाल, अनिल पाल, नरेश पाल, डा. दिव्यंक प्रकाश सिंह पाल, डॉ. अंशु पाल, रूपवती पाल, लोकेश पाल, गजरामपाल, जोगिंदर पाल, रामपाल, गुरूदेव पाल आदि ने विचार व्यक्त किए।

### बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन मनाया



**स्योहारा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का 70वां जन्मदिन बड़े ही उत्साह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्योहारा निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता आदिल चौधरी एवं इफ्तिखार चौधरी ने पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता कर बहन मायावती को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन समारोह के दौरान बसपा नेताओं ने बहन मायावती के राजनीतिक जीवन और उनके शासनकाल में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्योहारा क्षेत्र में संगठन को मजबूती देने वाले वरिष्ठ नेता आदिल चौधरी ने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को नई पहचान मिली। उनके कार्यकाल में सड़क, पुल, शिक्षा, कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ, जिससे गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ-साथ सभी को सीधा लाभ पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि बहन मायावती ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान देने का कार्य किया और सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा। उनके द्वारा कराए गए विकास कार्य आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में उनकी मजबूत सोच और दूरदर्शिता का प्रमाण हैं। वहीं बसपा के जमीनी और सक्रिय नेता इफ्तिखार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बहन मायावती का नेतृत्व बहुजन समाज के लिए एक मजबूत आवाज रहा है उन्होंने बताया कि उनके शासनकाल में दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को न केवल सुरक्षा मिली, बल्कि उन्हें प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर सम्मान भी प्राप्त हुआ। इफ्तिखार चौधरी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बसपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बहन मायावती की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# नई किस्मों को अपनाने पर जोर

## गन्ना प्रजातियों की पहचान एवं रोग नियंत्रण पर विशेष प्रशिक्षण संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चीनी मिलों में विभागीय एवं मिल स्टाफ के लिए गन्ना प्रजाति पहचान एवं रोग प्रबंधन विषय पर वृहद प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

किसान सहकारी चीनी मिल, नजीबाबाद के सभागार में आयोजित सत्र में गन्ना शोध केंद्र, मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह. जोशिया ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने नजीबाबाद और बुन्दकी क्षेत्र के फील्ड स्टाफ को गन्ने की पत्तियों, मध्य शिरा (मिडरीब), पोरियों और जूस की गुणवत्ता (ब्रिक्स) के आधार पर प्रजातियों की पहचान करने के गुर सिखाए। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से खेत में खड़ी फसल को पहचानने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस सत्र में मुख्य गन्ना प्रबंधक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नजीबाबाद सहायक प्रबंधक (गन्ना) बुन्दकी सहित लगभग 50 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इसी क्रम में पीबीएस फूड्स (शुगर), चांदपुर में डॉ. मैनेजर सिंह (पूर्व वैज्ञानिक, गन्ना शोध परिषद) द्वारा स्मार्ट बोर्ड प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सिंह ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न कीटों एवं रोगों के लक्षण व रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की। यहां चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक, गन्ना प्रबंधक और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर सहित कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के उपरांत जिला गन्ना अधिकारी ने आगामी स्प्रिंग सीजन के लिए निम्न कड़े निर्देश जारी किए जिसमें खड़े गन्ने का सत्यापन अभियान 20 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में खड़े गन्ने, डेमो प्लॉट्स और नर्सरी का गहन सर्वे करें। चीनी मिल एवं विभागीय पौधशालाओं का भौतिक सत्यापन कर उसका डाटा तत्काल सीड ट्रैकिंग ऐप पर फीड करना सुनिश्चित करें।

सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि वे गन्ना बीज रिजर्वेशन हेतु अग्रिम धनराशि का भुगतान समय से करें ताकि किसानों को उन्नतशील बीज उपलब्ध हो सके। यह जानकारी जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह के हवाले से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने दी।

### आवारा कुत्तों के हमले से महिला घायल



**अफजलगढ़।** मुन्नी देवी (62 वर्ष) पत्नी मुखराम सिंह सैनी निवासी ग्राम झाड़पुरा सुबह लगभग 11 बजे अपने खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पहले से ही घात लगाए बैठे करीब एक दर्जन आवारा कुत्तों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला की चीख सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कुत्तों को भगाकर महिला की जान बचाई। इसके बाद घायल महिला को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि ग्राम व नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे महिलाएं और छोटे बच्चे हर समय भय के साये में जीने को मजबूर हैं। गत वर्ष से भी खेतों में काम कर रही एक महिला को आवारा कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बावजूद कासमपुर गढ़ी ब्लॉक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कभी-कभार एक-दो दिन के लिए कुत्ते पकड़ने का अभियान चलाया जाता है, लेकिन पकड़े गए कुत्तों को पुन: निकट ही छोड़ दिया जाता है। कुछ ही दिनों में वही कुत्ते दोबारा खूंखार हो जाते हैं। इस संबंध में कासमपुर गढ़ी के बीडीओ मनवीर सिंह ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेषज्ञ टीम की तलाश की जा रही है। जल्द ही अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

# रालोद के पूर्व प्रत्याशी समेत चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**राजा का ताजपुर।** राज परिवार के कुंवर शैलेन्द्रजीत सिंह की तहरीर पर ताजपुर निवासी राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के पूर्व प्रत्याशी योगेश उर्फ टिल्लू त्यागी पुत्र चेतन स्वरूप त्यागी, राहुल त्यागी पुत्र सतवीर त्यागी, अंकुर त्यागी पुत्र सतवीर त्यागी, मोहन त्यागी पुत्र विरेन्द्र त्यागी व एक अज्ञात के विरुद्ध संभावित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शैलेन्द्रजीत सिंह ने कहा है कि पुराने इंडियन बैंक के पास लगभग 65 वर्ष पूर्व हमारी कुछ खाली जमीन व आगे कि ओर तीन दुकानें बनी हुई है, जिसमें दो दुकानों में मेरे द्वारा कुछ मरम्मत की जा रही थी। 12 दिसंबर 2025 को नामित इन व्यक्तियों ने जबरन कब्जे की नीयत से सुबह के समय दुकान में ताला लगा दिया। 14 दिसंबर को इन्हीं व्यक्तियों ने नवनिर्मित बड़ा दरवाजा की दीवार भी गिरा दी। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया था। इन व्यक्तियों पर अपने भतीजे इंद्रजीत सिंह व परिवार के लोगों को जान-माल के खतरे का आरोप लगाया। नूरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद उपरोक्त मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है। उधर चारों व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज होने पर खलबली मची हुई है। ताजपुर की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

# डीएम की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और नए वोटर पंजीकरण पर चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ बैठक आहूत की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत छह जनवरी से आगामी छह फरवरी तक दावे और आपत्तियों का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य को पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्वाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है तथा उनके लिए स्थान का निर्धारण भी कर दिया गया है। जहां उपस्थित होकर उनके द्वारा दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6, 7 और फॉर्म 8 उपलब्ध हैं, जो बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए फार्म 6 भरने हेतु ऐसे मतदाता जिनका जन्म 1987 से पहले भारत में हुआ है, आयोग द्वारा जारी सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना होगा, जिससे जन्मतिथि और जन्म स्थान का पता चलता हो। एक जुलाई 1987 और दो दिसंबर 2004 के बीच भारत में पैदा होने वाले मतदाताओं के लिए निर्धारित सूची में से खुद के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना होगा, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो तथा उक्त सूची में से पिता या माता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो तथा 2004 के बाद भारत में जन्म लेने वाले मतदाता के लिए निर्धारित सूची में से कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो, साथ ही उक्त सूची में से माता-पिता के लिए कोई अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। उन्होंने बताया कि अब तक फार्म 6-5469 फॉर्म 7-45 तथा फार्म 8-2905 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि दावे और आपत्ति के निस्तारण के कार्य में तेजी लाएं और आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रति. निधियों का आह्वान किया कि उक्त कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को क्रियाशील करें ताकि इस कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अहमद खिजर, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी मौजूद थे।

### मंदिर पर भंडारे का आयोजन



**राजा का ताजपुर।** मकर संक्रांति पर मौहल्ला बड़वान स्थिति शिव बाला जी धाम मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को मंदिर समिति ने अपनी ओर से जरुरतमंदों को सौ कंबल वितरित किए। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष जितेंद्र बैंस ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में गरीब बेसहारा लोगों की खुल कर मदद करनी चाहिए। गरीबों की मदद करने से गरीबों, बेसहारों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल जाती है। इसलिए संपन्न लोगों को गरीबों का ख्याल रखना चाहिए। समाजसेवी ग्राम पंचायत सदस्य अर्जुन गिरी, ऋषिपाल सिंह, रामकुमार कश्यप, रवित गिरी, मोहित कुमार, विनीत, हरी सिंह चौहान, कुवंर सिंह, मदन सिंह सैनी आदि मौजूद थे।

# निषेधाज्ञा के बीच कपसाड़ जाने की कोशिश नाकाम

## पुलिस ने राजनीतिक दलों को रोका, कांवड़ पटरी मार्ग पर सीमित यातायात शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कपसाड़ और ज्वालागढ़ गांवों में बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा गांवों में जाने के प्रयास थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस की कड़ी सख्ती के बाद भी गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारी कपसाड़ गांव पहुंचने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया।

गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पृथ्वी फैज यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी आठ जनवरी को कपसाड़ गांव में हुई अनुसूचित जाति की महिला सुनीता पत्नी सतेंद्र की हत्या तथा उसकी बेटी रूबी के अपहरण की घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर अटेरना पुलिस चौकी के पास पुलिस ने सभी को रोकते हुए गांव में किसी भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी। इस दौरान अटेरना गंगनहर पुल क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रोके जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर ही एकत्र होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने उन्हें अब तक की गई कार्रवाई और कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। समझाने के बाद सभी कार्यकर्ता शांत हुए और बिना किसी टकराव के वापस लौट गए। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरिप्रकाश, पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तनिष्क चंदेला, रेशमा, भारत त्यागी, मेहराजुल हक, बाबू खान, हरेंद्र दास, कालीचरण और राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



कपसाड़ गांव में जाने के लिए एकत्रित हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारी।

### घटना के बाद गांव में कड़ी सुरक्षा, कांवड़ पटरी मार्ग पर राहत

कपसाड़ गांव में आठ जनवरी की घटना के बाद से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। बीते एक सप्ताह से गांव को जोड़ने वाले सभी रास्तों पर पुलिस की नाकेबंदी जारी है और स्थिति अघोषित कर्फ्यू जैसी बनी हुई है। पीड़ित परिवार से मिलने जाने वाले लोगों पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले मेरठ-करनाल हाईवे से कांवड़ पटरी मार्ग पर जाने वाले वाहनों को रोक दिया था और ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा था। हालांकि गुरुवार से निषेधाज्ञा लागू होने के बाद कांवड़ पटरी मार्ग पर आंशिक रूप से वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। सामान्य वाहनों को अनुमति दी जा रही है, लेकिन राजनीतिक दलों के झंडे या पहचान चिन्ह लगे वाहनों को इस मार्ग से गुजरने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में शांति बनाए रखना प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वालागढ़ गांव में पुलिस-समाज झड़प मामले में मुकदमा दर्ज

## पुलिस की तहरीर पर तीन नामजद व 60 अज्ञात आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ज्वालागढ़ गांव में रोहित उर्फ सोनू हत्याकांड को लेकर बुधवार को कश्यप समाज के लोगों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीन नामजद समेत करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है।





घटना के बाद से एहतियातन रोहित के रिश्तेदारों के घर की गली के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। बताया जा रहा है कि रोहित उर्फ सोनू की हत्या का मामला इन दिनों काफी चर्चा में है। इसी को लेकर बुधवार को कश्यप समाज के कुछ जिम्मेदार लोग ज्वालागढ़ गांव में रोहित के रिश्तेदारों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए परिजनों को न्याय दिलाने की बात कही थी। मौके पर समाज के लोगों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। इसी बीच वहां पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाने का प्रयास किया, जिसका विरोध होने लगा। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और लोगों ने पुलिस को घेरकर हंगामा शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख सीओ आशुतोष कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में लिया। लोगों को समझा-बुझाकर वहां से हटाया गया तथा गली को सील कर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

इस मामले में एसआई नितिन सरस्वत की तहरीर पर इंद्रपाल कश्यप पुत्र जगमत, अंकित, गुड्डू पुत्रगण इंद्रपाल सहित करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कश्यप समाज के लोगों में रोष व्याप्त है और वे इसे एकतरफा कार्रवाई बता रहे हैं।

# डिंपल यादव के जन्म दिवस पर छात्राओं को वितरित की साइकिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्म दिवस पूरे मेरठ व देहात क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वहीं जानी खुर्द में गुरुवार जानी खुर्द स्थित सपा नेता अयान सैफी के कार्यालय पर डिंपल यादव के जन्मदिवस पर छात्राओं को साइकिल वितरण की जिसमें दस छात्राओं को साइकिल वितरण की, जहां उनके चेहरे खिल उठे। अयान ने कहा कि डिंपल यादव जैसी सांसद महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं। वहीं अयान ने कहा कपसाड़ में हुई दलित बेटी के साथ हुए अत्याचार जैसे मामले प्रदेश भर में हो रहे हैं कहीं भी बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार विफल हो चुकी है। 2027 में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ही प्रदेश की बागडोर संभालेंगे। इस मौके पर सिवाल खास विधानसभा उपाध्यक्ष गुलशन बाफर, मोनू तोमर, सपा नेता नौशाद प्रधान, इमरान राजपूत, रऊफ खान, अरब खान, नदीम सिद्दीकी, ननवा सिद्दीकी, गुलजार सहित आदि मौजूद रहे।

**छात्राओं के खिले चेहरे, डिंपल यादव की लंबी उम्र की मांगी दुआ**

# नाले में मृत मिला गोवंश, हिंदू संगठनों के हंगामे बाद पुलिस ने गड्ढे में दबवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र में मृतक गोवंश मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया वहीं पुलिस ने गड्ढा खोदकर मृतक गोवंश को दबाया। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर 4 अंजू पैलेस के पास नाले में मृतक गोवंश मिलने पर समय करीब तीन बजे हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए हंगामा कर दिया। हिंदू संगठन का कहना है कि क्षेत्र में गो हत्या बढ़ती जा रही हैं। थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने लोगों को शांत कराया और कार्यवाही का आश्वासन दिया। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना की जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

# सपा कार्यालय पर मनाया डिंपल यादव का जन्मदिवस

## महिला सभा की पदाधिकारियों ने काटा केक, सांसद की लंबी उम्र के लिए की प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष करमवीर सिंह गुमी और महिला सभा कि जिलाध्यक्ष मृदुला यादव के नेतृत्व में मैनपुरी सांसद महिला सशक्तिकरण की प्रतीक डिंपल यादव का जन्मदिवस केक काट कर तथा एक दूसरे को बधाई देकर मनाया गया। महिला सभा की पदाधिकारियों ने एक दूसरे को केक खिलाया तथा सांसद की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, वरिष्ठ नेता इशरत जहाँ, महानगर अध्यक्ष नाजमा अब्बासी, खेरून अब्बासी, मजहबी सुल्तान, शकीला, मिथलेश जाटव, गिरीश मथुरिया, फैजान अंसारी महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक, बॉबी सैन, फैजल खान, सुभाष यादव, डा. मोहसीन, विनीत पायला, वसीम अब्बासी, अजय अधाना, ई. संदीप यादव, डा. नासिर सुल्तान, गौरव गुर्जर, सशिकांत गौतम, अनुज भड़ाना, अजय गहलोत, दिनेश कुमार, हरप्रीत आहूजा, सुंदर वाल्मीकि, धर्मवीर सिंह यादव, अंकित प्रजापति, अनुज प्रजापति, अनिल वर्मा, संजय यादव, महेंद्र यादव, आदेश प्रधान, ओमप्रकाश खटीक, राहुल वर्मा, आकाश भड़ाना, शैलेंद्र यादव, रियाज खान, जिशान अहमद आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से जनदिवस मनाया।



# डिम्पल यादव व मायावती के जन्मदिन को लेकर बोले महबूब अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी महबूब अली सोलाना ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डिंपल यादव महिलाओं के बीच मातृशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। वह हमेशा दलितों और पिछड़ों की आवाज बनकर संसद में यह बता चुकी हैं कि वह सर्व समाज की महिलाओं को साथ लेकर चलती हैं और संसद में महिला सशक्तिकरण की आवास को बुलंद करती हैं। उनके जन्मदिवस के साथ-साथ उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती के जन्म दिवस पर भी उन्हें बधाई दी।

# सरधना में नगर पालिका की उदासीनता से बिगड़े हालात, गड्ढों-कीचड़ ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना नगर में नगर पालिका की लापरवाही अब आम जनता पर भारी पड़ने लगी है। नगर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, अधूरे निर्माण कार्य और बिखरी निर्माण सामग्री के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजारों की सड़कों को कई दिनों से खोदकर छोड़ दिया गया है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है, लेकिन नगर पालिका की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

दौराला रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। निर्माण से निकलने वाली कीचड़ सड़क पर जमा है, जिससे फिसलन बनी हुई है। साथ ही सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थर और मलबा दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। आए दिन छोटे हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल सड़कों की मरम्मत कराए, निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करे और सड़क पर फैली कीचड़ व मलबे को हटाकर जनता को राहत प्रदान की जाए।



# शोभित विवि में आर्मी डे के अवसर पर सैनिक और जेसीओ अधिकारी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में आज 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में आर्मी डे के उपलक्ष में पूर्व सैनिक एवं जेसीओ अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार एल् बी दास, नायब सूबेदार वीडी शर्मा एवं हवलदार उम्मेद सिंह तोमर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डाक्टर विनोद कुमार त्यागी, प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर डाक्टर जयानंद, विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर डाक्टर गणेश भारद्वाज, विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डाक्टर कुलदीप कुमार एवं एनसीसी कैडेट्स आदि मौजूद रहे।

# सरधना में मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर सरधना में भाजपा नेता विनोद जैन के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण कर एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान रामबुल जैन, गौरव जैन, पुरुषोत्तम बंसल, वीरेंद्र चौधरी, संजीव पवार एवं सौरव जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मकर संक्रांति दान, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।

भाजपा नेता विनोद जैन ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी खिचड़ी वितरण के माध्यम से सभी वर्गों के लोगों के साथ पर्व की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों की सक्रिय सहभागिता से आयोजन सफल रहा और उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की।





# रामराज व बहसूमा में मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण

## श्रद्धा और सेवा का दिखा भव्य संगम, बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने बांटी खिचड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रामराज और बहसूमा क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक सेवा और आपसी सौहार्द का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रामराज में व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भाजपा मेरठ रोहित बंसल उर्फ मोनू बंसल के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोहित बंसल, राहुल बंसल व राकेश रानी बंसल ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में दिशा बंसल, सनी, गुरमीत गोस्वामी, मनीष राणा, बब्बू शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में सुदर्शन गोयल बुक डिपो के सामने सड़क किनारे स्टॉल लगाकर खिचड़ी, पकौड़ी एवं चाय का वितरण किया गया। राहगीरों ने बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। इस मौके पर सुदर्शन गोयल, विकास बंसल, आशीष उपाध्याय, मोहन गोयल, नानू गोयल सहित अन्य सहयोगी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहीं अग्रवाल आयरन स्टोर के ऑनर दीपक सिंघल व पंकज सिंघल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने प्रतिष्ठान के सामने खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां भी सैकड़ों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम में अखिल सिंघल, लक्ष्य सिंघल, हेमंत, प्रशांत, प्रतीक, देव, यश, भरत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उधर बहसूमा में पूर्व मंडल अध्यक्ष व जिला कार्यसमिति सदस्य अमित गोयल के प्रतिष्ठान पर मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यापार संघ बहसूमा के संगठन मंत्री अमित गोयल, व्यापार संघ संरक्षक प्रमोद गर्ग, व्यापार संघ अध्यक्ष अमन गोयल, युवा अध्यक्ष दीपक, सुभाष सेमवाल, सुधांशु पोखरियाल, धर्म जागरण खंड संयोजक ऋषभ गोयल, विनोद अग्रवाल, मोंटी धीमान, राहुल खुराना, कपिल प्रजापति, राजपाल प्रजापति, जयपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



खेल विशेष

## जय शाह ने अंडर-19 विश्व कप टीमों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने आज से जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरु हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने क्रिकेट की अगली पीढ़ी के सितारों को बनाने में टूर्नामेंट की भूमिका पर बल देते हुए लिखा, ष15 जनवरी से मेजबान देशों जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप के लिए सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। हमारी यूथ प्रतियोगिता लंबे समय से क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के लिए रास्ता रही है और मुझे यकीन है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

## बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को कारण बताओ नोटिस दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के क्रिकेटर्स को लेकर सार्वजनिक रूप से की गई 'आपत्तिजनक टिप्पणी' को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपने निदेशक एम नजमुल इस्माल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीपीएल मैच के शुरू होने के कुछ घंटे पहले ही ए नोटिस आया है क्योंकि खिलाड़ियों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने इस्लाम के इस्तीफा नहीं देने पर पूरे देश में सभी तरह की क्रिकेट के बॉयकॉट की घोषणा की थी। गुरुवार की सुबह ढाका क्रिकेट लीग के निर्धारित चार फर्स्ट-डिवीजन मैच शुरू नहीं हुए जिससे बीसीबी की चिता गंभीर हो गई। ऐसी जानक. ारी है कि आज होने वाले मुकाबले का सीआर और नोखली एक्सप्रेस के खिलाड़ी बॉयकॉट के पक्ष में हैं। बीसीबी के बयान में कहा गया कि बोर्ड के जिन सदस्यों से समस्या है उनके खिलाफ बोर्ड ने औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाई शुरू कर दी है।

# ऑरेंज कैप-पर्पल कैप में हरमनप्रीत व नंदनी शीर्ष पर





- **मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में 165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया**
- **डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर है**

**नवी मुंबई, वार्ता।** डब्ल्यूपीएल 2026 के शुरुआती चरण में व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने सबका ध्यान खींचा है। आइए एक नजर डालते हैं दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज के बीच बुधवार की रात खेले गए मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस कैसी चल रही है।

ऑरेंज कैप टेबल मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर रखा है। मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 71 रनों की एक मैच जिताने वाली पारी खेली थी जिससे एमआई ने आसानी से 193 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले हरमनप्रीत ने शनिवार को डीसी के खिलाफ भी 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए थे।

डीसी की ओपनर लिजेल ली 163 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली और इससे पहले जीजी के खिलाफ रविवार को 86 रन भी बनाए थे। सीजन के उनके दूसरे अर्द्धशतक ने डीसी को इस डब्ल्यूपीएल में पहली जीत दिलाई है। जीजी की ओपनर सोफी डिवाइन 141 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यूपीडब्ल्यू के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच में 38 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की ओपनर ने डीसी के खिलाफ केवल 42 गेंदों में 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

पर्पल कैप टेबल-डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 8-80 की रही है। उन्होंने जीजी के खिलाफ फाइव विकेट हॉल लिया और साथ ही डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज भी बनीं। बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ उन्होंने 29 रन देकर एक विकेट लिया। छह विकेट के साथ तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जो एमआई की एमेलिया कर, आरसीबी की नडीन डी क्लर्क, और एमआई की निकोला कैरी हैं। केवल 6-41 की इकॉनमी के कारण सबसे ऊपर हैं क्योंकि डी क्लर्क (6.75) और कैरी (9.00) की इकॉनमी उनसे अधिक है।

## हरमनप्रीत कौर को पंसद हैं छोले भटूरे और बटन चिकन

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत को छोले भटूरे और बटर चिकन बेहद पंसद है। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि मैच के बाद उनका पसंदीदा खाना कौन सा है।

उन्होंने कहा कि छोले भटूरे और बटर चिकन। इस बातचीत के दौरान उन्होंने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जो सबसे बड़े शरारती हैं। उन्होंने कहा, ष्हेली मैथ्यूज और शबनीम इस्माइल को जब भी उन्हें मौका मिलता है, वे युवा लड़कियों की टांग खींचती रहती हैं। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें क्रिकेट के अलावा फुटबॉल बेहद पंसद है। जब उनसे पूछा गया कि अगर क्रिकेट नहीं तो वह कौन सा खेल खेलेंगी। उन्होंने कहा, ष्फुटबॉल, मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है। ड्रेसिंग रूम में सबसे अधिक बजने वाले गाने और उनके पसंदीदा गाने को लेकर उन्होंने कहा कि पंजाबी बीट गाने। अभी मुझे पंजाबी गाना बैड बॉय बेहद पसंद है।

उन्होंने कहा कि शबनीम इस्माइल सबसे मुश्किल गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस नेट में मैं कह सकती हूं शबनीम इस्माइल का सामना करना बहुत मुश्किल है। अपनी कप्तानी के अंदाज में वह एक चीज जो कभी नहीं बदलना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मेरी कप्तानी के अंदाज में एक चीज जो मैं कभी नहीं बदलना चाहती, वह है मैदान पर आक्रामकता। क्योंकि मुझे लगता है कि यह मेरे अंदर से सबसे अच्छा निकालता है। मैदान के बाहर मुझे गुस्सा नहीं आता।

## भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन फुटबॉल क्लबों के साथ मैत्री मैच खेलेंगी। एआईएफएफ के अनुसार भारतीय सीनियर महिला टीम 26 खिलाड़ियों के साथ तुर्की में ट्रेनिग कैंप के लिए रवाना हो गई है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही भारतीय टीम ने 12 से 14 जनवरी तक हरियाणा के गुरुग्राम में तीन दिन का छोटा ट्रेनिग कैंप किया था। यहां भारतीय टीम 18 जनवरी को यूक्रेन के फुटबॉल क्लब मेटलस्ट 1925 खार्किव, 21 जनवरी को स्विट्जरलैंड के जड़ूरिख शहर के महिला फुटबॉल क्लब ज्यूरिख फाउएन और 24 जनवरी को आयरलैंड के फुटबॉल क्लब शिलएरेन के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर:** एलंगबाम पंथोई चानू, सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा, अद्रिजा सरखेल।

**डिफेंडर:** स्वीटी देवी नगांग. बाम, शिल्की देवी हेमाम, जूली किशन, निर्मला देवी फांजोबाम, संजू, अस्तम ओरांव, सरिता युमनाम, सुष्मिता लेप्चा, मार्टिना थोकचोम।

**मिडफील्डर:** संगीता बासफोर, बबीना देवी लिशम, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, अंजू तमांग, जसोदा मुंडा, सैनफिडा नोंग्रम।

**फॉरवर्ड:** ग्रेस डांगमेई, करिश्मा शिरवोइकर, रिम्पा हलदर, मालविका पी, प्यारी जाक्सा, लिडा कोम सेर्टो, काव्या पक्कीरिसामी।

# न्यूजीलैंड-भारत सीरीज से बाहर हुए सुंदर



- **वाशिंगटन सुंदर की चोट बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चोट के कारण ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के विरु( होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। सात फरवरी से शुरु होने वाले टी-20 विश्व से पहले होने वाली यह सीरीज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वॉशिंगटन वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय के दौरान वे साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। यह एकदिवसीय सीरीज 21 से 31 जनवरी खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वॉशिंगटन की चोट को बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। भारत को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में मुंबई में अमेरिका से भिड़ना है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन की जगह दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया था, लेकिन टी-20 स्क्वॉड में उनकी एंट्री होगी या नहीं, इस पर अभी कोई पुष्टि नहीं है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में वॉशिंगटन की गैरमौजूदगी को लेकर भारतीय खेमा चिंतित नहीं है। अगले हफ्ते कई ऑलराउंडर टीम से जुड़ने वाले हैं, जिनमें हार्दिक पांड्या, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हो रही है, जो न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप दोनों में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। हालांकि टीम को एक और झटका लगा है। वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रो. इन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:-

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुम. राह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर और इशान किशन (विकेटकीपर)।

## वाइल्ड कार्ड प्रेस्टन ने टॉप सीड राडुकानू को हराकर तहलका मचाया

**होबार्ट, वार्ता।** वाइल्ड कार्ड टेलाह प्रेस्टन ने होबार्ट इंटरनेशनल में नंबर 1 सीड एम्मा राडुकानू को 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू फैंस को खुश किया और अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में पहुंची। 20 साल की, नंबर 204 रैंक वाली खिलाड़ी ने इस हफ्ते से पहले सिर्फ एक टूर-लेवल मैच जीता था। सैन डिएगो 2024 में लेकिन नंबर 5 सीड जेसिका बोजास मानेइरो और रेबेका, ्रमकोवा को हराने के बाद, उन्होंने नंबर 29 रैंक वाली राडुकानू पर अपने करियर की पहली टॉप 30 जीत हासिल की।

प्रेस्टन ने अपना पहला मैच प्वाइंट पक्का करने के लिए फोरहैंड विनर लगाने के बाद कहा कि मुझे सच में नहीं पता कि क्या कहूं। मैं बस बहुत खुश हूं कि मैं अगले राउंड में पहुंच गई हूं और यहां सबके सामने फिर से खेलने का मौका मिलेगा। राडुकानू के खिलाफ, प्रेस्टन ने साफ, आक्रामक बॉल-स्ट्राइकिग का टॉप-क्लास लेवल दिखाया, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के नौ विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए।

## हेनिल पटेल के पंजे से भारत ने अमेरिका को 107 रन पर लुढ़काया



**बुलावाया, वार्ता।** हेनिल पटेल (पांच विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप के पहले मुकाबले में अमेरिका को 35.2 ओवरों में 107 रनों के स्कोर पर समेट दिया। यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अमरिदर गिल (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें हेनिल पटेल ने आउट किया। इसके बाद अर्जुन महेश और साहिल गर्ग ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। अर्जुन महेश और साहिल गर्ग (16-16) रन बनाकर आउट हुए। अदनित झांब (18) रन बनाकर आउट हुए। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 36वां ओवर कर रहे वैभव सूर्यवंशी दूसरी गेंद पर नीतीश सुदिनी को आउटकर अमेरिका की पारी का 107 के स्कोर पर अंत कर दिया। नीतीश सुदिनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिए। दीपेश देवेंद्रन, अमब्रिश, खिलन पटेल और वैभव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# म्बोको ने मेडिसन कीज को चौंकाया

- **म्बोको ने आखिरकार 1:53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की**

एडिलेड, वार्ता। 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने गुरुवार को एडिलेड इंटरनेशनल में मैडिसन कीज के टाइटल डिफेंस को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया। यह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में खेले गए उतने ही मैचों में उनकी तीसरी तीन-सेट वाली जीत थी। एक सेट और एक ब्रेक से आगे होने के बाद, कीज के खिलाफ म्बोको के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जिन्होंने 2022 में एडिलेड से एक ट्रॉफी भी जीती थी। लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आखिरी सेट में थक गईं और म्बोको ने आखिरकार 1 घंटे और 53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की।

कृकनाडाई खिलाड़ी ने कीज के आखिरी सेट की शुरुआत में सर्व होल्ड करने के बाद लगातार पांच गेम जीते और जीत हासिल की। उन्हें डिफेंडिग चैंपियन के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन का फायदा मिला, जिन्होंने कुल 41 अनफोर्स्ड एरर किए और - नौ ऐस मारने के बावजूद - 12 ब्रेक पॉइंट का सामना किया और छह बार सर्व गंवाई। म्बोको ने बाद में कहा, ष्मुझे पता है कि उसने पिछले साल यह टूर्नामेंट जीता था, और बेशक, ऑस्ट्रेलियन ओपन भी, और मुझे इस मैच में आने से पहले पता था कि यह एक बड़ी लड़ाई होगी। आठवीं सीड अब सेमीफाइनल में पसंदीदा स्थिति में होंगी क्योंकि वह डब्ल्यूटीए टूर पर अपने तीसरे करियर फाइनल की तलाश में हैं, जो सभी पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में अपने घरेलू मैदान पर डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने के बाद से आए हैं। उस टूर्नामेंट के पहले राउंड में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल को हराया था और यह जोड़ी इस बार फिर खेलेगी, जिसमें बिना



सीड वाली बिररेल को अब घरेलू दर्शकों का फायदा मिलेगा। 27 साल की गोल्ड कोस्ट की रहने वाली खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए 500-लेवल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिसमें उन्होंने तीन सेट में जीत हासिल की - रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन के खिलाफ 5-7 6-1, 7-5 का एक शानदार मैच जो 3 घंटे और 4 मिनट तक चला।

## फीफी विश्व कप के लिए 50 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट

**लुसाने, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए दुनिया भर में उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया, रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकट बिक्री फेज के दौरान आधे बिलियन से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट सबमिट की गईं, जो गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 से मंगलवार, 13 जनवरी 2026 तक चला। सिर्फ 33 दिनों में सभी 211 फीफा मेंबर एसोसिएशन के देशों/टेरिटरी में रहने वाले फैन्स से एप्लीकेशन मिलीं। मेजबान यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा टॉप एप्लीकेंट देशों में शामिल हैं, साथ ही जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया भी शामिल हैं। फैन्स को उनके टिकट एप्लीकेशन के नतीजे के बारे में 5 फरवरी से पहले ईमेल से बताया जाएगा।

हर एप्लीकेशन को यूनिक क्रेडिट कार्ड डेटा से वैलिडेट किया गया, फैन्स ने 33-दिन की एप्लीकेशन विंडो में हर दिन एवरेज 15 मिलियन टिकट रिक्वेस्ट कीं, जिसने दुनिया के खेल के इतिहास में डिमांड के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया। उन सभी देशों और इलाकों में रहने वाले फैंस से एप्लीकेशन मिले, जहां फीफा के 211 मेंबर एसोसिएशन खेल को कंट्रोल करते हैं। इससे पता चलता है कि पहली बार हुए 48 टीमों वाले फीफा वर्ल्ड कप की दुनिया भर में कितनी अपील है। होस्ट देशों - यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा - के अलावा, सबसे ज्यादा एप्लीकेशन जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया में रहने वाले फैंस से आए। इस सेल्स फेज में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला मैच शनिवार, 27 जून को मियामी में कोलंबिया बनाम पुर्तगाल था। टॉप 5 में गुरुवार, 18 जून को ग्वाडलहारा में मेक्सिको बनाम कोरिया रिपब्लिक रविवार, 19 जुलाई को न्यूयॉर्क न्यू जर्सी में फाइनल( गुरुवार, 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच( और गुरुवार, 2 जुलाई को टोरंटो में राउंड-ऑफ-32 मैच शामिल हैं - जिससे तीनों होस्ट देशों में बड़े मैचों और नॉकआउट-स्टेज मुकाबलों की जबरदस्त अपील का पता चलता है। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि सिर्फ एक महीने में आधा बिलियन टिकट रिक्वेस्ट, डिमांड से ज्यादा हैं , यह एक ग्लोबल स्टेटमेंट है।

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण शुरू

**जिनेवा, वार्ता।** आईओसी ने बुधवार को घोषणा की कि 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के टिकट खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि शुरू हो गई है। आईओसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की अवधि 14 जनवरी से 18 मार्च तक चलेगी, जिसके दौरान जो भी टिकट खरीदना चाहता है, उसे एलए 28 वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और एक प्रोफाइल बनानी होगी।

जो प्रशंसक सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करेंगे, वे टिकट ड्रॉ में शामिल होंगे, जिसमें टिकट खरी. दने के लिए एक रैंडम टाइम स्लॉट दिया जाएगा। ए टाइम स्लॉट अप्रैल 2026 में खुलेंगे, जिसमें पहली टिकट विडो के दौरान 30 लाख से ज्यादा टिकट उपलब्ध होंगे।

आईओसी ने कहा कि टिकट की कीमतें 28 अमेरिकी डॉलर से शुरू होंगी और हर अकाउंट से ज्यादा से ज्यादा 12 टिकट खरीदे जा सकते हैं।

## प्रणय-श्रीकांत दूसरे दौर में हारे



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उम्मीद एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार कर बाहर हो गए। प्रणय को आठवीं सीड सिगापुर के लोह कीन यियू ने 18-21, 21-19, 21-14 से हराया। प्रणय पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाए और अगले दो गेम हारकर मुकाबले से बाहर हो गए। श्रीकांत को पांचवीं सीड फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में संघर्ष दिखाते हुए जीत हासिल की, लेकिन निर्णायक गेम हारकर वह भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ को भी हार का सामना करना पड़ा। बंसोड़ को पांचवीं सीड हान युई ने 21-18, 21-15 से हराया। महिला एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिधु बुधवार को पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।

# जोकोविच-सिनर ऑस्टेलिया ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में

- **जेनिक सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में नोवाक जोकोविच से 6-4 से आगे हैं**

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच और जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में हैं, जिसका खुलासा गुरुवार को मेलबर्न में हुआ। रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन जोको. विच और दो बार के मौजूदा चैंपियन सिनर सीजन के पहले मेजर में एक ब्लॉकबस्टर सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच से 6-4 से आगे हैं, जिसमें सर्बियाई खिलाड़ी एक समय 4-1 से आगे थे। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 2024 के ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में जोकोविच को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता था। इस पखवाड़े में एक रीमैच की संभावना है। कार्लोस अल्काराज, एटीपी रैंकिंग में विश्व नंबर 1, अपना सातवां मेजर खिताब जीतने और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेनिश खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ उसी हाफ में हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू उम्मीद एडम वाल्टन के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 38 वर्षीय जोकोविच अपने 25वें मेजर खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं, जो टेनिस इतिहास में सबसे अधिक मेजर सिगल्स खिताब के लिए मार्गरेट कोर्ट के साथ उनकी बराबरी को तोड़ देगा। दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर मेलबर्न पार्क में लगातार तीसरी जीत और कुल मिलाकर अपने पांचवें मेजर खिताब का पीछा कर रहे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ करेंगे, जबकि सिनर पहले दौर में फ्रांसीसी बाएं हाथ के खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन का सामना करेंगे। सिनर, जिनका टूर्नामेंट रिकॉर्ड 22-4 है, ड्रॉ समारोह से पहले उपस्थित हुए और टूर्नामेंट के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की।उन्होंने कहा कि ड्रॉ बहुत मुश्किल है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसके साथ खेलते है। हम दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और रास्ता बहुत, बहुत लंबा और बहुत दूर है। हम दिन-ब-दिन आगे बढ़ेंगे। 24 साल के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन काहिल के साथ अपनी पार्टनरशिप के बारे में भी बात की। सिनर ने कहा, ष्साल के आखिर में हमारी अच्छी बातचीत हुई और उनके साथ कम से कम एक और सीजन शेयर करना बहुत अच्छा है। वह बहुत शांति देते हैं और मुझे उनके साथ कोने में बहुत सुरक्षित महसूस होता है, न सिर्फ मुझे, बल्कि बाकी टीम को भी। यह बहुत अच्छा है, खासकर यहां खेलना, एक ऑस्ट्रेलियाई टीम मेंबर के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेलना। पहले राउंड के दो सबसे दिलचस्प मैच छठे सीड एलेक्स डी मिनौर बनाम पूर्व नंबर 6 माटेओ बेरेटिनी और ज्वेरेव का बघी सर्विस करने वाले गैब्रियल डियालो के साथ मुकाबला है। डी मिनौर और बेरेटिनी ने 2025 में हार्ड-कोर्ट पर अपनी मुलाकातें बांटीं, जिसमें इटैलियन खिलाड़ी लेक्सस हेड2हेड सीरीज में 3-2 से आगे हो गया। ज्वेरेव और डियालो पहली बार मिलेंगे। फैंस के पसंदीदा थानासी कोकिनाकिस ने ड्रॉ सेरेमनी से कुछ समय पहले अपना नाम वापस लेने की घोषणा

## कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटे

**मेलबर्न, वार्ता।** थानासी कोकिनाकिस ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स इवेंट से हटने की घोषणा की। कोकिनाकिस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि दुर्भाग्य से अपनी टीम और डॉक्टरों से बात करने के बाद मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटने का फैसला किया है।एक अविश्वसनीय रूप से कठिन साल के बाद यह वह इवेंट था जिसका मैं सबसे ज्यादा इंतजार कर रहा था, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैं हर दिन 100प्रतिशत ठीक होने के लिए सब कुछ कर रहा हूं। कोकिनाकिस ने पिछले हफ्ते एडिलेड इंटरनेशनल में लगभग एक साल बाद अपना पहला सिगल्स मैच खेला, जहां उन्होंने फाइनल-सेट टाई-ब्रेक में सेबेस्टियन कोर्डा को हराया। लेकिन पूरे मैच के दौरान, पिछले फरवरी में पेक्टोरल सर्जरी के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने दाहिने कंधे में परेशानी हो रही थी। वह बुधवार को एडिलेड से हट गए। 29 वर्षीय खिलाड़ी मेलबर्न पार्क में डबल्स में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने 2022 में निक किर्गियोस के साथ खिताब जीता था। कोकिनाकिस ने लिखा कि हम अभी भी डबल्स के लिए कोर्ट पर उतरने और कुछ मजे करने की कोशिश करेंगे।मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का संबोधन

गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कान्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इसमें 42 देशों के 61 स्पीकर शामिल हुए हैं। यह सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत के सामने चुनौतियां और उससे निपटने के तौर-तरीकों को लोगों के सामने रखा। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इतना ही नहीं भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। उनके अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर भी है। दुनिया का नंबर 2 स्टील प्रोड्यूसर है और सबसे बड़ी बात पीएम मोदी ने बेबाक अंदाज में कहा कि भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचें और लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के बिना भेदभाव के काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि जब भारत आजाद हुआ तब आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा, लेकिन आगे चलकर भारत ने यह साबित किया कि उसकी यही विविधता सबसे बड़ी ताकत है। दुनिया ने देखा कि भारत ने अपनी विविधता को अपनी लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया। कोविड 19 का भी जिक्र किया। जब महामारी के दौरान पूरी दुनिया संकट में थी और भारत भी इस चुनौती से जूझ रहा था तब भारत ने उन कठिन परिस्थितियों में भी 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह भारत के सिद्धांत को दर्शाता है कि पहले लोग पहले मानवता। वह पुरानी संसद का भी जिक्र करने से नहीं चूके, जिसमें यह सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठक हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। उन्होंने याद दिलाया कि यह भारत की लोकतांत्रिक सफलता है। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी में लिए गए और अब इसी जगह संविधान सदन रखा गया है। उन्होने लोकतंत्र में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर भी बात की और कहा कि हमारे देश की प्रथम राष्ट्रपति महिला हैं, दिल्ली की सीएम महिला हैं और ग्रामीण व स्थानीय निकायों में लगभग 15 लाख महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये सारे आंकड़े अपनी जगह पर सही हैं और उसमें कोई दोराय नहीं कि भारत बराबर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि यह विकास जमीनी स्तर पर उस तरह दिखाई नहीं देता, जिस तरह सरकारी आंकड़ों में दिखाई देता है। विपक्ष भी भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की आलोचना करता रहता है।

## पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है



बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी, गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है, जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा, प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा, बसपा को रो.कने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं,कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं, इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। **-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# बीच चुनाव में बिखर गई नेपाली कांग्रेस





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक सरकार में रही नेपाली कांग्रेस अंतत: दो फाड़ हो गई। पार्टी में व्याप्त असंतोष और अंतर्विरोध का यह परिणाम है। पार्टी के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पर कमजोर नेतृत्व का आरोप लग रहा था। युवाओं की उपेक्षा और दिशा हीन होने का भी आरोप था। उन पर इन सब मसलों के हल और विचार विमर्श के लिए विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि राष्ट्रीय अधिवेशन सहित अन्य मुद्दों पर चुनाव बाद विचार और मंत्रणा होगी।

पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा इसके लिए तैयार नहीं थे। इन दोनों ने पिछले रविवार को ही दो दिवसीय विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन आमंत्रित किया था। अधिवेशन की वैधता के सवाल पर गगन थापा का कहना था कि पार्टी विधान की धारा 17/2 के तहत यदि राष्ट्रीय परिषद के 54 प्रतिशत सदस्य और पदाधिकारी सहमत हैं तो विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। पार्टी में प्रदत्त इसी विधान के तहत अधिवेशन बुलाया गया। इस अधिवेशन में शेर बहादुर देउबा सहित उनके निकटवर्ती अन्य पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन वे लोग अधिवेशन में नहीं आए।

पूर्व में आयोजित दो दिवसीय यह अधिवेशन चार दिवसीय हो गया जो काठमांडू के भृकुटी मंडप में आयोजित था। शेर बहादुर देउबा की सहमति के बिना आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के विभाजन की आशंका न केवल पार्टी के अन्य तमाम वरिष्ठ नेताओं को थी दूसरे राजनी.तिक दलों को भी ऐसा ही अंदेशा था। देउबा और उनके गुट के वरिष्ठ सदस्यों ने पार्टी को विभाजन से बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। अधिवेशन के चौथे दिन मामला तब बिगड़ गया जब देउबा गुट के कार्यवाहक सभापति पूर्ण बहादुर खड़का ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में में बैठक कर दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा सहित उप महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस निष्कासन के बाद ही पार्टी में विभाजन की रूपरेखा तैयार हुई। बुधवार को देर रात अधिवेशन में ही गगन थापा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। विश्व प्रकाश शर्मा और कमला भुसाल को उपसभापति और फरकुल्लाह मंसूर को महामंत्री चुना गया। पार्टी के अन्य सदस्यों का चुनाव भी बहुत सोच समझकर किया गया। सभी क्षेत्र,जाति और धर्म का ख्याल रखा गया। पार्टी में विभाजन के बाद देउबा का अपने नेतृत्व वाली पार्टी का असली नेपाली कांग्रेस का दावा है तो गगन थापा का कहना है कि पार्टी विभाजित नहीं हुई,यह और मजबूत और संगठित हुई है। बहरहाल नेपाली कांग्रेस के विभाजन का मामला चुनाव आयोग में जाना तय है और वहीं असली नकली का फैसला भी होगा। हां यह एक मामला जरूर पेचीदा हो गया कि चुनाव में देउबा के चयनित उम्मीदवार मैदान में होंगे या गगन थापा के? उच्च सदन के नामांकन की तिथि समाप्त हो गई है और उसके उम्मीदवार भी तय हो गए हैं जबकि निचले सदन के उम्मीदवारी के नामांकन की तिथि अभी शेष है। चुनाव पांच मार्च को है। इसके पहले यदि देउबा और गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में फैसला नहीं आया तो देउबा द्वारा चयनित उम्मीदवार और रूख चुनाव चिन्ह पर ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लेकिन पार्टी के विभाजन का दंश उम्मीदवारों को झेलना तय है। नेपाली कांग्रेस में मतभेद और असंतोष नया नहीं है लेकिन पार्टी कभी विभाजन के कगार पर नहीं पहुंची। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला और केपी भट्टराई के बीच का विवाद किसे नहीं याद होगा। गिरिजा प्रसाद कोइराला ने तब अपने समर्थक पार्टी के 32 सांसदों के समर्थन से कम्युनिस्ट नेता मनमोहन अधिकारी को प्रधानमंत्री बनवा दिया लेकिन पार्टी नहीं टूटी। आज वैसी विकट स्थिति भी नहीं थी फिर भी पार्टी टूट गई। नेपाली कांग्रेस नेपाल की राजनीति में केवल एक पार्टी भर नहीं है। इसके साथ स्वर्गीय वीपी कोइराला, गिरिजा प्रसाद कोइराला, केपी भट्टराई, सुशील कोइराला आदि का नाम जुड़ा होने के नाते इसकी एक विचारधारा है जो समावेशी विकास और जनसरोकार की बात करती है। स्वर्गीय वीपी कोइराला ने राजशाही के वक्त 1960 में ही लोकतंत्र का बिगुल बजा दिया था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राजा महेन्द्र के षड्यंत्रों का शिकार होना पड़ा था। लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा और निर्वसन तक का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि वीपी कोइराला लो.कतंत्र की जंग जीत नहीं पाए थे। राजा महेन्द्र अपनी कुटिल चालों से नेपाली कांग्रेस में फूट डालकर राजशाही बचाने में सफल रहे थे जो लंबे समय तक चला। राजशाही विरोधी कई दलों के एक जुट विरोध और लंबे आंदोलन के बाद 2008 में नेपाल राजशाही से मुक्त हो पाया और यहां गणतंत्र का उदय हुआ। लोकतंत्र बहाली आंदोलन में नेपाली कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता जिसका नेतृत्व वीपी कोइराला के बाद स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला ने किया था। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल में गांधी के नाम से जाना जाता है। राजशाही के खिलाफ चले लंबे आंदोलन में जहां कम्युनिस्ट धड़ा हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया था वहीं नेपाली कांग्रेस शांति पूर्वक आंदोलन का पक्षधर रहा है। इस आंदोलन को जनयुद्ध भी कहा गया क्योंकि इसमें हजारों लोगों की जानें भी गई थी। नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव की सरगर्मी भी है। पार्टियां चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेज है ऐसे में नेपाली कांग्रेस का यह हाल इस पुरानी और भारत समर्थक राजनीतिक दल को कमजोर कर गई। पिछले दिनों नेपाल को जेन जी के हिंसात्मक आंदोलन से गुजरना पड़ा। तब एमाले नेता केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे जो नेपाली कांग्रेस के गठबंधन के साथ सरकार में थे। इस हिंसक आंदोलन में सारी दुनिया ने देखा कि आंदोलन कारियों ने किस तरह देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। आंदोलन कारियों के निशाने पर यूं तो लगभग सभी पार्टियों के नेता थे, लेकिन सर्वाधिक नुकसान देउबा और उनकी पत्नी को पहुंचाया गया। पार्टी के भीतर इसे कमजोर नेतृत्व माना गया और तभी से पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की बात भी उठनी शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक आंदोलनों की जीवंत विरासत है। जिस पार्टी ने नेपाल में लोकतंत्र की नींव रखी, राजतंत्र को चुनौती दी और गणतंत्र की स्थापना में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उस पार्टी का आज यह हाल चिंता जनक है। पार्टी के युवा नेताओं की अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाने वाले देउबा यदि स्वेच्छा से हट जाते तो पार्टी को विभाजन से बचाया जा सकता था। देउबा के नेतृत्व में नेपाली कांग्रेस देश में तेजी से बदलते राजनीतिक हालात के बीच पीछे छूट जा रही था जो एक सच्चाई है। फिलहाल संख्या बल और स्वीकार्यता के लिहाज से गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का पलड़ा भारी है। आसन्न संसदीय चुनाव में देउबा अथवा थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में कितना दम है यह देखना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रामबाण है सर्दियों में काली गाजर का सेवन

**काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है। काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।**



सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर श्देसी गाजरश कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है।

**काली गाजर के खाने के फायदे**

**कैंसर से बचाव**

काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ए फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं।

**बेहतर पाचन**

फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है।

**हृदय स्वस्थ रहता**

काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।

**बेहतर दृष्टि होती है**

लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर .ष्टि में सुधार करता है।

**ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करता**

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

**ग्लोइंग स्किन**

काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती: क्या हो समाधान





**रजनीश कपूर**

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुकी है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि पशु कल्याण के सवाल भी उठा रही है। दुनिया के किसी अन्य देश में यह समस्या इतनी विकराल रूप नहीं लेती जितनी भारत में। अनुमानों के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या 3 से 6 करोड़ तक है, जो विश्व में सबसे अधिक है। जबकि अमेरिका, ब्रा.जील और चीन जैसे देशों में कुत्तों की कुल संख्या अधिक है, लेकिन आवारा कुत्तों का अनुपात भारत जितना नहीं। रेबीज से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत हिस्सा भारत में है और हर साल लाखों लोग कुत्तों के काटने से प्रभावित होते हैं। यह समस्या क्यों इतनी गंभीर है? इसका कारण हमारी सांस्कृतिक परंपराएं, अपर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था और कानूनी ढांचे की कमी है। लोग धार्मिक भावनाओं से कुत्तों को भोजन देते हैं, लेकिन इससे उनकी संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है। अन्य देशों जैसे नीदरलैंड्स में 'कलेक्ट, न्यूटर, वैक्सीनेट एंड रिटर्न' नीति से आवारा कुत्तों को समाप्त कर दिया गया है, बिना किसी हत्या के। भारत में भी ऐसी नीतियां हैं, लेकिन क्रियान्वयन की कमी है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। जनवरी 2026 में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि हर कुत्ते के काटने, मौत या चोट के लिए भारी मुआवजा तय किया जाएगा, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के मामलों में। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें कुछ नहीं कर रही हैं और पिछले पांच सालों में पशु जन्म नियंत्रण नियमों का पालन नहीं हुआ। इसके अलावा, कुत्तों को भोजन देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अगर कोई कुत्तों की देखभाल करना चाहता है, तो उन्हें अपने घर ले जाएं, न कि सड़कों पर छोड़कर लोगों को डराएं। कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने और शेल्टर में रखने का आदेश दिया है, लेकिन उन्हें वापस उसी जगह न छोड़ने की हिदायत दी। यह सख्ती आवश्यक है क्योंकि कुत्तों के हमलों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं और रेबीज जैसी घातक बीमारी फैलती है। कोर्ट का यह कदम मानव सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अदालती हस्तक्षेप से समस्या हल हो जाएगी? नहीं, इसके लिए समाज, पशु प्रेमियों और कॉर्पोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। पशु प्रेमी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहले, जिम्मेदार फीडिंग अपनाएं। सड़कों पर भोजन फेंकने के बजाय, निर्धारित जगहों पर या अपने घरों में कुत्तों को रखकर ही खिलाएं। इससे कुत्ते आक्रामक नहीं बनेंगे और लोगों को डर नहीं लगेगा। दूसरा, एडॉप्शन को बढ़ावा दें। पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लें, उन्हें घर दें और उनकी देखभाल करें। भारत में कई एनजीओ जैसे वीओएसडी और स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन इंडिया इस काम में लगे हैं। पशु प्रेमी समुदाय बनाकर स्थानीय स्तर पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चला सकते हैं। तीसरा, शिक्षा और जागरूकता फैलाएं। लोगों को बताएं कि आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने से सभी का लाभ है। पशु प्रेमी सोशल मीडिया और कम्युनिटी ग्रुप्स के माध्यम से यह संदेश फैला सकते हैं कि पशु कल्याण मानव सुरक्षा से अलग नहीं है। यदि पशु प्रेमी इन कदमों को अपनाएं, तो आवारा कुत्तों की समस्या कम हो सकती है और यह सभी के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बन सकता है। अब सवाल है कि कॉर्पोरेट कंपनियां और पशु प्रेमी मिलकर आवारा कुत्तों का प्रबंधन कैसे करें ताकि नागरिकों को नुकसान न हो? कॉर्पोरेट सामा.जिक दायित्व द्धसीएसआरत्र के तहत कंपनियां बड़ा योगदान दे सकती हैं। वे एनजीओ के साथ साझेदारी करके शेल्टर बना सकती हैं, जो सरकारी डॉग शेल्टर से बेहतर बने, जहां आवारा कुत्तों को रखा जाए, उनकी नसबंदी और वैक्सीनेशन किया जाए। मसलन, दिल्ली जैसे शहर में 10 लाख आवारा कुत्तों को शेल्टर में रखने का खर्च करीब 700-800 करोड़ रुपए सालाना हो सकता है, लेकिन कॉर्पोरेट फंडिंग से यह संभव हो सकता है। पशु प्रेमी इन शेल्टर में वॉलंटियर के रूप में काम कर सकते हैं, कुत्तों की देखभाल कर सकते हैं और एडॉप्शन इवेंट आयोजित कर सकते हैं। कंपनियां स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर सकती हैं जो कुत्तों के लिए फूड डिलीवरी या हेल्थ सर्विसेस प्रदान करें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर शिक्षा कार्यक्रम चला सकते हैं, जहां कुत्तों को वैक्सीनेट किया जाए और अनावश्यक कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए। शहरों में, पशु प्रेमी और कंपनियां मिलकर 'ट्रैप, न्यूटर, रिलीज' प्रोग्राम चला सकते हैं, जो कानूनी रूप से अनुमत है। इससे कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और वे आक्रामक नहीं बनेंगे। कंपनियां अपने कर्मचारियों को एडॉप्शन के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं और पशु प्रेमी क्लब बना सकती हैं जहां अनुभव साझा किए जाएं। इस संयुक्त प्रयास से न केवल आवारा कुत्तों की समस्या हल होगी बल्कि पशु कल्याण भी सुनिश्चित होगा। सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना कोई बदलाव संभव नहीं। भारत में यह समस्या इसलिए गंभीर है क्योंकि हम पशु प्रेम और मानव सुरक्षा को अलग-अलग देखते हैं, जबकि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती एक अवसर है कि हम सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहां कुत्ते और इंसान शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहें। पशु प्रेमी आगे आएं, कॉर्पोरेट सहयोग दें और सरकार क्रियान्वयन करे। तभी हम इस समस्या से मुक्ति पा सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

## पाकिस्तान पीएम शहबाज का दावा: बांग्लादेश समेत 6 मुस्लिम देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा किया कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है।



■ पाक सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया

हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तान जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। रायटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 जेएफ-17 खरीदने पर बात की। वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी जेएफ-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बात-चीत हो चुकी है। इसी तरह रायटर्स की रिपोर्ट मे दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को जेएफ-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डालर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कान्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं। पिछले 10 सालों में कई देशों ने पाकिस्तान का जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने की इच्छा जताई है। नाइजीरिया, म्यांमार और अजरबैजान के मिलिट्री बेड़े में पहले से ही यह जेट शामिल है। अल-जजीरा के मुताबिक, इसके पहले पाकिस्तान ने दिसम्बर 2025 में लीबिया के विद्रोही गुट, लीबियाई नेशनल आर्मी (एलएनए) को 4 अरब डालर में एक दर्जन से ज्यादा जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने का सौदा किया था। ये पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हथियारों की डील कही जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान सुडान के साथ भी 12500 करोड़ रूपए की डिफेंस डील करने वाला है, जिसमें जेएफ-17 फाइटर जेट भी शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, जेएफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था।

### इसके अलावा भी जेएफ-17 फाइटर जेट में कुछ खामियां हैं

**कम पावर वाला इंजन:** विमान में एक ही आरडी-93 इंजन होने की वजह से इसका थ्रस्ट कम है, जिससे भारी हथियार ले जाते समय स्पीड कम हो जाती है।

**ज्यादा हथियार नहीं ले जा सकता:** जेएफ-17 लगभग 3.6 टन हथियार ही ले जा सकता है। यानी ज्यादा हथियार ले जाना हो, तो फ्यूल कम करना पड़ता है।

**एवियोनिक्स सिस्टम कमजोर:** एवियोनिक्स विमान के वह इलेक्ट्रानिक सिस्टम होते हैं जो उसे उड़ाने, रास्ता तय करने और युद्ध लड़ने में मदद करते हैं।

**इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम सामान्य:** इसका जैमिंग और सेंसर सिस्टम की खतरे को पहचानने और विमान की सुरक्षा करने में क्षमता सीमित है।



ईरान। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन में बर्लिन में एक रैली में भाग लेते लोग।

## रोड्रिग्ज, ट्रम्प ने द्विपक्षीय 'अनसुलझे मुद्दों' पर पहली बार बात की

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से तेल, खनिज, व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टेलीफोनिक संवाद करके अपनी सरकारों के बीच 'अनसुलझे मुद्दों' पर चर्चा की। रोड्रिग्ज ने कहा कि उनकी ट्रम्प के साथ लम्बी और सौहार्दपूर्ण माहौल में बात-चीत हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत में दोनों देशों के लिए एक सहयोगी एजेंडा के साथ-साथ बकाया द्विपक्षीय मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गौरतलब है कि रोड्रिग्ज के 5 जनवरी को वेनुजुएला के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला संवाद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने ऊर्जा क्षेत्र में आपातकाल लागू किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों और खराब मौसम की वजह से देश के ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। श्री जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि इस कदम का मकसद 'बैकअप पावर इक्विपमेंट' को बिजली नेटवर्क से जोड़ने से जुड़ी औपचारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली आयात बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार बहुत ज्यादा ठंड के मौसम में निषेधज्ञा नियमों की समीक्षा करेगी और शिक्षा प्रक्रिया के तरीकों पर विचार करेगी। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव, ओडेसा और मध्य यूक्रेन के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क हादसे में छह की मौत, एक घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कैलिफोर्निया की पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 10 बजे उत्तरी सैक्रामेंटो घाटी के तेहामा काउंटी में घटित हुई, जहां एक पिकअप ट्रक सेंटर लाइन पार करके सामने से आ रही एक बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बस में पांच यात्री और एक चालक सवार थे। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और दोनों चालक और चार यात्रियों को मौके पर ही मौत हो गई।

### जापान के होक्काइडो में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** जापान के होक्काइडो में बुधवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। जर्मन भूविज्ञानशोध केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी है। शोध केन्द्र ने बताया कि शुरू में भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर 42.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.36 डिग्री पूर्व अक्षांश पर था।

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप

## रिपोर्ट: एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन भी शामिल, अमेरिका ने वेनेजुएला में हमले से पहले ऐसे ही घेराबंदी की थी

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है।



■ दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है, अब्राहम लिंकन अमेरिकी न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। यूएस अब्राहम लिंकन ने साउथ चाइना सी में 12 जनवरी को लाइव फायरिंग अभ्यास किया न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले यूएस अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपरकैरियर, 3-6 डिस्ट्रायर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (एफ-35, एफ/ए-18 आदि) शामिल हैं। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 (सीएसजी-3) का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। अमेरिकी नेवी की आधिकारिक वेबसाइट एपरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं। इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो आपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में क्रूजर की जगह डिस्ट्रायर्स शामिल किए जाने लगे हैं। इसके अलावा इस ग्रुप में 1 से 2 न्यूक्लियर अटैक सबमरीन तैनात रहती हैं, जो दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों को ट्रैक करने के साथ-साथ 'टोमाहाक' मिसाइलें दाग सकती हैं। लाजिस्टिक सपोर्ट के लिए सपोर्ट जहाज (जैसे आयलर और सप्लाई शिप) भी साथ चलते हैं। कुल मिलाकर, कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 1 कैरियर, 3-6 सर्फेस वारशिप, 1-2 पनडुब्बियां और सपोर्ट शिप्स के साथ चलता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान की धार्मिक सरकार गिर सकती है, लेकिन ईरान के आखिरी शाह कहे जाने वाले रेजा पहलवी नई सरकार बनाने जितना समर्थन जुटा पाएंगे, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिरे चाहे न गिरे, ये समय बहुत दिलचस्प होने वाला है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि ईरान की सरकार ने तेजी से मुकदमे चलाने और फांसी देने की योजनाओं को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि रेजा पहलवी अच्छे इंसान हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह अपने देश में कैसे लौट पाएंगे। मुझे नहीं पता कि उनका अपने देश के लोगों के साथ रिश्ता कैसा है। यह भी नहीं पता कि देश के लोग उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर वे स्वीकार कर लेते हैं तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। रायटर्स के अनुसार, कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को बुधवार शाम तक निकालने को कहा गया है।

### ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को उड़ानों के लिए बंद किया

**तेहरान।** ईरान ने बुधवार रात को हवाई सफर को लेकर अलर्ट जारी किया, जिसमें देश की पहले से अनुमति वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को छोड़कर सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह रोक स्थानीय समय अनुसार सुबह 4:00 बजे तक दो घंटे से ज्यादा समय तक लागू रहेगी, लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है। ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने का आग्रह किया था।

# जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका

**तेहरान।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं।

माना जा रहा है कि ईरान ने जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही। अमेरिकी मीडिया चैनल फाक्स न्यूज के साथ बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला बोला। फाक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा। अब्बास अराघची ने कहा कि आपने जून में हमारे परमाणु केंद्रों पर हमला किया, मशीनों को नष्ट कर दिया, लेकिन तकनीक पर बमबारी नहीं की जा सकती और दृढ़ संकल्पों पर भी बमबारी नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री अराघची ने आगे कहा कि ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार रहा है, लेकिन उन्होंने अमेरिका पर इससे बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। हमने पिछले 20 वर्षों में यह साबित किया है, लेकिन यह अमेरिका है जो हमेशा कूटनीति से बचता रहा, जिसने कूटनीति को खत्म किया और युद्ध को चुना। मेरा संदेश है कि युद्ध और कूटनीति के बीच, कूटनीति एक बेहतर तरीका है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की चेतावनी

# कनाडा की मांग: भारत गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपे

**ओटावा।** कनाडा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए। पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है।

कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डालर (21 करोड़ रुपये से ज्यादा) की फारेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपये थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी इस अनुरोध पर विचार करेंगे और फिर पनेसर को सौंपने का फैसला लेंगे। इस मामले में कनाडा पुलिस ने 12 जनवरी को अर्सलान चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी के भारत में होने का दावा किया था।

■ दो साल पहले 180 करोड़ का 400 किलो सोना चुराया था
■ अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया: कनाडाई अधिकारी

### ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की दी हिदायत

**लंदन।** ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की सहाल दी है। ब्रिटिश सरकार बुधवार को 'बहुत जरूरी यात्रा' को छोड़कर सभी यात्राओं को लेकर चेतावनी जारी की। सरकार ने इसके पीछे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का हवाला दिया है, जिससे यात्रा में रुकावट और दूसरे अप्रत्याशित असर हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी यात्रा दिशानिर्देश में कहा गया है कि बिगड़ता सुरक्षा माहौल यात्रियों के लिए जोखिम बढ़ा रहा है और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दिशानिर्देश इजरायल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों दोनों पर लागू होगी और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है।

# गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत: अमेरिका

## कुछ न कुछ हल निकालेंगे, ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री बोली: अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है।



■ गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है, यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है

गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प का यह बयान व्हाइट हाउस में अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में चल रही बातचीत को निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले ही छोड़कर निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ट शामिल हुईं। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसमें ग्रीनलैंड में और ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।

# ट्रम्प पाक सहित 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

## लिस्ट में बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी, मकसद-अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या घटे

■ जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं। फाक्स न्यूज के मुताबिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है।

इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं। अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमेरिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं। इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है। दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं। एशिया महाद्वीप के देश- अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, बांग्लादेश, भूटान, बर्मा (म्यांमार), कंबोडिया, ईरान, इराक, जार्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, सीरिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान और यमन। अफ्रीका महाद्वीप के देश। अल्जीरिया, कैमरून, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, कांगो, मिस्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, गैम्बिया, घाना, गिनी, हैती, लाइबेरिया, लीबिया, मोरक्को, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेनेगल, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, तंजानिया, टोगो, ट्यूनीशिया और युगांडा। यूरोप महाद्वीप के देश-रूस, अल्बानिया, बेलारूस, बोस्निया, जार्जिया, कोसोवो, मैसेडोनिया (नार्थ मैसेडोनिया), मोल्दोवा और मोंटेनेग्रो। उत्तर अमेरिका (कैरिबियन सहित) एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लुसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन्स। दक्षिण और सेंट्रल अमेरिकी देश-ब्राजील, कोलंबिया, उरुग्वे, ग्वाटेमाला और निकारागुआ। ट्रम्प गैर यूरोपीय देशों का इमिग्रेशन कम करना चाहते हैं- मास्को



